6 page 1_01.qxd 11/5/2023 9:42 PM Page 1

हर पात्र को योजना का लाभ मिले

...

P8

दैनिक

भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

पूर्व मंत्री करन दलाल के नेतृत्व में भाजपा पूर्व

...

P7



वर्ष:1 ■ अंक: 58 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ सोमवार ■ 6 नवंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

महिला सैनिकों को भी मैटरनिटी-चाइल्ड केयर लीव मिलेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना में कार्यरत महिला सैनिकों, सेलर्स और एयर वॉरियर्स को भी अब मैटरनिटी लीव और चाइल्ड केयर लीव मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें महिला अग्निवीर को भी शामिल किया गया है। बता दें कि फिलहाल सेना में केवल उच्च स्तर की महिला अधिकारियों को ही मातृत्व, बच्चे की देखभाल और चाइल्ड अडॉप्शन के लिए छुट्टियां दी जाती थीं। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा है कि यह फैसला सेना में सभी महिलाओं की भागीदारी के अनुरूप है, फिर चाहे उनकी रैंक कुछ भी हो। नियमों के विस्तार से सेना में पोस्टेड महिलाओं को परिवार और सामाजिक मुद्दों से डील करने में काफी मदद मिलेगी। साथ ही इससे सेना में महिलाओं की वर्किंग कंडीशन में भी सुधार होगा। वे पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस कर पाएंगी।

कितनी मिलती है छुट्टियां

महिला अधिकारियों को 180 दिनों की मैटरनिटी लीव मिलती है। एक महिला अधिकारी को 2 बच्चों के लिए पूरे वेतन के साथ 180 दिन की लीव मिलती है। उन्हें सर्विस के दौरान 360 दिनों की छुट्टियां दी जाती हैं। इसके अलावा एक साल से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने की तारीख के बाद 180 दिनों की छुट्टी मिलती है। गौरतलब है कि मार्च 2023 तक भारतीय सेना में सात हजार से ज्यादा महिलाएं विभिन्न पदों पर तैनात हैं। इनमें से 6 हजार 993 महिला अधिकारी थल सेना में, 748 नौसेना में और वायुसेना में महिला अधिकारियों की संख्या 1636 है।

करनाल में सीएम का जनसंवाद

रेडियोग्राफर के पद पर भर्ती हुए युवाओं की जल्द होगी नियुक्ति : मनोहर लाल

■ उचाना के एसएचओ और करनाल नगर निगम के एक्सईएन को किया निलंबित

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज करनाल में जनसंवाद कार्यक्रम में सबसे पहले सेक्टर-13 स्थित कम्युनिटी सेंटर लोगों की समस्याएं सुनी। यहां लोगों ने पुलिस की कार्रवाई को लेकर, नगर निगम में कामों की समस्याएं जैसी शिकायतें रखीं। इसके बाद सीएम गांव रतनगढ़ के लिए रवाना हो गए।इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य में रेडियोग्राफर के पदों पर भर्ती हुए युवाओं को जल्द ही नियुक्ति दी जाएगी। एक सप्ताह के अंदर डॉक्यूमेंट सक्रूटनी के बाद शेष प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। वार्ड 20 के उचाना गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एसएचओ अजैब सिंह और नगर निगम करनाल की एक्सईएन को सस्पेंड भी कर दिया। जौहड़ के पानी की निकासी की समस्या से जुड़े मामले में उन्होंने एक्सईएन के खिलाफ कार्रवाई की।ग्रामीण प्रद्युम्न सिंह ने सीएम को बताया कि 3 महीने पहले उसने पैसों के लेन-देन के मामले में सदर थाने में शिकायत दी थी। इस मामले को लेकर वह कई बार एसएचओ और दूसरे अधिकारियों से मिले, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

दिव्यांग पहुंचा पत्नी की ट्रांसफर करवाने

इंद्री निवासी सोनू कुमार सीएम के पास पत्नी की ट्रांसफर को लेकर पहुंचा। वह देख नहीं सकता। उसने कहा कि उसके छोटे छोटे बच्चे हैं। उसकी पत्नी ललतेश कुमारी शिक्षा विभाग में एआरडीसी के पद पर पलवल में तैनात है। उसकी ट्रांसफर करनाल में करवाने के लिए वह पिछले तीन साल से चक्कर काट रहा है। यह सुनकर मुख्यमंत्री लेटर तैयार करवाकर ललतेश की ट्रांसफर करनाल करने के आदेश दिए। एक बुजुर्ग महिला भी जनसंवाद में पहुंची। उसने बताया कि उसकी बेटी अकाउंट ऑफिसर है और उसकी पोस्टिंग अंबाला में है। उसकी बेटी का तलाक हो चुका है और वह वहां पर अकेली रहती है और मैं भी यहां पर अकेली हूं तो उसकी ट्रांसफर करनाल में ही करवाई जाए। जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिए की तुरंत प्रभाव से बेटी की ट्रांसफर करनाल में ही की जाए।

पेंशन के कागजात सौंपे

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वार्ड नंबर 10 के 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके तीन लोगों को परिवार पहचान पत्र के माध्यम से स्वतः पेंशन शुरू होने संबंधी कागजात भी सौंपे। उन्होंने कहा कि अब किसी को बुढ़ापा पेंशन के लिए किसी सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती। परिवार पहचान पत्र के हिसाब से 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर बिना किसी सिफारिश के पेंशन अपने आप शुरू हो जाती है।

पुल का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कर्ण लेक के पास बने पुल का निरीक्षण किया। जनसंवाद कार्यक्रम में आम जनता की तरफ़ से पुल से जुड़ी समस्याएँ रखी गई थीं। शिकायत मिलने के बाद तुरंत ही मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण और अधिकारियों को ज़रूरी दिशा निर्देश दिए।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा

सरकार चाहे मुझे गिरफ्तार कर ले पर मेरी आवाज नहीं दबा सकती

■ दिल्ली और पंजाब के बाद तीसरी आम आदमी पार्टी की सरकार हरियाणा में बनेगी

भरोसा मित्र ब्यूरो

रोहतक। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ईडी द्वारा दिए गए नोटिस पर कहा कि केवल केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा सकता है, उनकी आवाज को नहीं दबाया जा सकता। अगर पीएम वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते तो केजरीवाल व आम आदमी पार्टी उनका आगे बढ़कर साथ देती, लेकिन मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ रहे, बल्कि अपने एक मित्र के लिए काम कर रहे हैं। केजरीवाल रविवार को यहां रोहतक में आम आदमी पार्टी यानि आप के 11 पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के लिए आयोजित समारोह को सबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में पंजाब के सीएम भगवंत मान नहीं आए। दिल्ली के सीएम ने कहा कि जो भी भ्रष्टाचारी भाजपा में शामिल हो जाता है, उसे मोदी पाक साफ बना देते हैं। जो भी नेता ईडी आदि की कार्रवाई के डर से भाजपा में शामिल हो गए, वे असली भ्रष्टाचारी है। जो भाजपा व ईडी से डरे नहीं, वे ईमानदार है। उन्हें पता है कि वे जब फैसला आएगा तो उन्हें क्लीन चिट मिलेगी।

भाजपा व कांग्रेस पर साधा निशाना

उन्होंने हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि एक पार्टी खुद को जाटों की पार्टी बताती है और दूसरी गैर जाट की, जबकि दोनों पार्टियों की सत्ता हरियाणा में रह चुकी हैं। इन्होंने न तो जाटों का भला किया और न ही गैर जाटों का। अब लोग आम आदमी पार्टी की तरफ देख रहे हैं। आम आदमी पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है, जो सभी का भला करेगी।

दिल्ली व एनसीआर में लागू हुआ ग्रेप का चौथा चरण

नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ग्रेप का चौथा चरण लागू कर दिया है। इससे पहले चरण पहला, दूसरा और तीसरा लागू हो चुका है। चौथे चरण के तहत प्रतिबंध अभी से लागू हो गए हैं। इन नियमों के अनुसार दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर बैन लगा दिया गया है। सिर्फ आवश्यक सामान ले जाने वाले और सीएनजी वाहनों पर कोई रोक नहीं रहेगी।सिर्फ इलेक्ट्रिक, सीएनजी, बीएस-4 डीजल के अलावा दिल्ली के बाहर रजिस्टर एलसीवी वाहनों को छोड़कर दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जब तक कि वो इमरजेंसी सेवा या आवश्यक वस्तुओं को न ले जाने वाले वाहन हों। डीजल के मध्यम माल वाहन और भारी माल वाहक वाहनों के चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा राजमार्गों, सड़कों, फ्लाईओवरों, ओवरब्रिजों, बिजली पारेषण, पाइपलाइनों के निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाने को कहा है।

एनसीआर राज्य सरकारें और जीएनसीटीडी कक्षा पांचवीं से नौवीं कक्षा 11 के लिए भी भौतिक कक्षाएं बंद करने और ऑनलाइन मोड में पाठ आयोजित करने पर निर्णय ले सकता है।

दिल्ली में इन वाहनों के चलने पर लगा प्रतिबंध

देश में गरीब ही सबसे बड़ी जाति : नरेंद्र मोदी

भोपाल, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति जनगणना पर कहा कि देश में गरीब ही सबसे बड़ी जाति है। वह रविवार को सिवनी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं गरीबी से बाहर आ गया हूं। मुझे किताबों में पढ़ने की जरूरत नहीं है कि गरीबी क्या होती है। मैं गरीबों का दर्द महसूस कर सकता हूं। इसलिए, आपके बेटे, आपके भाई ने मन में एक बड़ा निर्णय लिया है कि जब दिसंबर में गरीब कल्याण अन्न योजना पूरी हो जाएगी तो हम अगले पांच साल तक मुफ्त राशन की गारंटी देंगे।

कांग्रेस की असलियत बताई

खंडवा में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम एमपी के मन में मोदी की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने देश के लिए क्या-क्या नहीं किया। देश के कोने-कोने में जाकर देश को जोड़ा था। आज कांग्रेस क्या कर रही है। कांग्रेस आज समाज को बांटने के लिए साजिशें रच रही है। कांग्रेस भ्रम फैला रही है, झूठ बोल रही है। कांग्रेस लोगों को बांटकर वोट की फसल काटना चाहती है। मप्र के लोगों को मप्र के भविष्य के लिए ये तोड़ने वाली, बांटने वाली विचारधार को जमींदोज कर देना है। कांग्रेस को रोकने के लिए मप्र के लोगों को एकजुट रहना जरूरी है। भाजपा सबका साथ, सबका विश्वास के साथ बढ़ रही है। मोदी के लिए देश में गरीब ही सबसे बड़ी जाति है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस यहां सरकार बनाने के लिए क्यों छटपटा रही है। क्या जरूरत पड़ गई है। पागल की तरह दौड़ रही है।

जाटूसाना में अनिल यादव पाल्हावास के आह्वान पर आयोजित विशाल जनसभा से गद्गद् नजर आए दीपेंद्र हुड्डा

एम्स के नाम पर दक्षिण हरियाणा से किया भेदभाव : दीपेंद्र हुड्डा

दीपेंद्र बोले, विकास के काम अटका रही है, एम्स के निर्माण को लटका रही और अग्निवीर के जरिए युवाओं को भटका रही है बीजेपी सरकार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने माजरा एम्स का निर्माण न कराके और अग्निवीर योजना लाकर दक्षिण हरियाणा को धोखा दे रही है। सरकार मनेठी एम्स के निर्माण को लटका रही तथा अग्निवीर के जरिए युवाओं को भटकाकर विकास के काम अटका रही है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा जय जवान-जय किसान का नारा कहीं गूंजता है तो वो दक्षिण हरियाणा का इलाका है। लेकिन भर्ती किये गये अग्निवीरों में इतनी निराशा है कि एक तिहाई अग्निवीर ट्रेनिंग बीच में ही छोड़र वापस आ गये। यही नहीं, ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले अग्निवीर को सरकार शहीद का दर्जा भी नहीं दे रही है। सरकार शहीद के बलिदान में भी भेदभाव कर रही है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा जाटूसाना में कांग्रेस नेता अनिल यादव पाल्हावास के आह्वान पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। रविवार को सांसद रेवाड़ी में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि अग्निवीर सैनिक को भी नियमित सैनिक की तरह सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने मांग करी कि अब तक जितने अग्निवीर भर्ती हुए हैं, सरकार उन सभी को नियमित सैनिक का दर्जा दे। अग्निवीर सैनिक की शहादत होने पर उन्हें न तो शहीद का दर्जा मिलता है, न पेंशन, न ग्रेच्युटी और उनके आश्रितों को मेडिकल फेसिलिटीज़ व अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल रही। इतना ही नहीं, अग्निवीर को पूर्व सैनिक का दर्जा और पूर्व सैनिक को मिलने वाली सुविधाएं भी नहीं मिलती। यही कारण है कि बड़ी संख्या में अग्निवीर सैनिक ट्रैनिंग बीच में ही छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम देश भर में अग्निपथ योजना को समाप्त करने की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार के समय रेवाड़ी में 7 सरकारी कॉलेज, 2 सरकारी पॉलिटेक्निक, 7 आईटीआई, 1 इंजीनियरिंग कॉलेज, मीरपुर में एक यूनिवर्सिटी, लूला अहीर में रीजनल सेंटर, सैनिक स्कूल और अकेले कोसली हलके में 195 स्कूल अपग्रेड हुए।



मनेठी एम्स के काम को लेकर खट्टर सरकार की नीयत साफ नहीं

9 साल बाद भी माजरा एम्स का निर्माण शुरू न होने पर नाराजगी जताते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि इस इलाके के साथ माजरा एम्स के नाम पर सबसे बड़ा धोखा किया गया। मनेठी एम्स अभी केवल कागजों पर ही है, जबकि वर्ष 2015 में मनेठी एम्स की घोषणा की गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय की स्टैंडिंग कमेटी ने कहा कि मनेठी एम्स के काम को लेकर प्रदेश की खट्टर सरकार की नीयत साफ नहीं है। रेवाड़ी में एम्स को लेकर संसदीय समिति ने मार्च 2023 की बैठक में इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर हरियाणा सरकार की ढिलाई पर भी नाराजगी जाहिर की थी। सरकार की वादा खिलाफी के कारण दक्षिण हरियाणा के लोगों में भारी आक्रोश है। भाजपा सरकार कोरी घोषणाएं और कागजी खानापूर्ति वाला रवैया छोड़ एम्स निर्माण शुरू कराए।

हरियाणा की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं

सांसद ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार में हरियाणा की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। इस सरकार ने प्रदेश को बेरोजगारी के गर्त में धकेल दिया है। कोई नशे की तरफ, कोई अपराध की तरफ तो कोई अपना घर-बार बेचकर विदेश की तरफ जाने को मजबूर है। महंगाई आसमान छू रही है लोगों के घर का बजट बिगड़ गया है। खट्टर सरकार को सत्ता का घमंड हो गया है। कोई वर्ग ऐसा नहीं बचा जिसे इस सरकार ने अपमानित न किया हो। अहीर रेजीमेंट की मांग की तो इस सरकार ने युवाओं पर मुकदमे बनवाने का काम किया।

सम्मेलन के आयोजक अनिल यादव पाहलावास बोले

पहले अकेले, अब जजपा के साथ मिलकर प्रदेश को लूट रही भाजपा : अनिल पाहलावास

रेवाड़ी। राजकीय स्कूल के खेल मैदान में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन के आयोजक अनिल यादव पाहलावास ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में प्रदेश के किसी भी वर्ग को आंदोलन करने की आवश्यकता नहीं पड़ी,लेकिन बीजेपी सरकार में आए दिन विभिन्न वर्ग के लोग सड़कों पर रहते है। पोर्टल सरकार ने आमजन को पहले अकेले लूटा ओर अब के 4 साल के कार्यकाल में बीजेपी को जमुना पार करने का नारा देने वाली पार्टी जेजेपी के दुष्यन्त को भी लूटने में शामिल कर लिया। केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार आज हरियाणा बेरोजगारी में नंबर 1 है। हुड्डा कार्यकाल के बाद प्रदेश में 4 गुणा बेरोजगारी बढ़ी है। दीपेंद्र सिंह हुड्डा आज जाटूसाना के इससे पूर्व कार्यकर्ताओ ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा और उत्तराखंड प्रदेश ने देश को सबसे अधिक सैनिक दिए है। लेकिन इस सरकार ने अग्निवीर योजना लागू कर देश के साथ खासकर इन दोनों प्रदेशो ओर सैनिक बाहुल्य अहीरवाल की भावना के साथ खिलवाड़ किया है।

कोसली में मुख्यमंत्री पूरे 9 साल में एक बार आए

कौशल रोजगार के माद्यम से रोजगार को खत्म करने का काम किया है। आज सरकार के खिलाफ सरपंच टोहाना में एकत्रित हुए है। उन्होंने कहा कि अहीर रेजिमेंट , खिलाड़ी बेटियों का सम्मान हो, किसानों की एमएसपी की बात हो सभी पर लठ मॉरने का काम किया है। कोसली में मुख्यमंत्री पूरे 9 साल में एक बार आए है जाटूसाना में की गई कॉलेज की घोषना कि 8 साल बाद भी ईंट नही रखी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बदल रही है, कांग्रेस की सरकार आ रही , सरकार आते ही राजस्थान और हिमाचल की तर्ज पर ओल्ड पेंशन लागू करेंगे, बुढापा पेंशन 6 ह ार करेंगे, सिलिंडर 500 रुपये में मिलेगा, गरीब वर्ग को 100-100 गज के प्लाट के साथ इंदिरा आवास योजना के माद्यम से 2 कमरे भी मिलेंगे, कर्नाटक की सरकार के तर्ज पर बिजली उपभोक्ता को 300 यूनिट बिजली फ्री देंगे, नंबरदारों का सम्मान दोबारा लौटाया जाएगा। कार्यकर्म के बाद जाटूसाना रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस कार्यालय का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर कई सरपंचों ने कांग्रेस पार्टी भी जॉइन की।

सम्मेलन में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंत्री जगदीश यादव, पूर्व सीपीएस अनीता यादव, पूर्व मंत्री एमएल रंगा, पूर्व विधायक चौ. मूला राम, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, सुधीर चौधरी, अनिल यादव पाल्हावास, राहुल राव, अविनाश यादव, श्याम यादव, मनोज कोसलिया, डा. अनिल, रिटायर्ड जज राकेश यादव, जिला पार्षद बलजोर, दीवान सिंह चौहान, ओमप्रकाश भारद्वाज, कैलाश, ओमप्रकाश डाबला, महाबीर मसानी, दिनेश ठेकेदार, कुलजीत यादव, जसवंत सेहरावत, जाटूसाना सरपंच मनोज, जयसिंह गौशाला प्रधान, पंडित सुशील शर्मा, गजराज पाल्हावास, सुरेश यादव, डॉ रोहताश समेत भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा सरल स्वभाव के नेता हैं

सम्मेलन संयोजन करने वाले अनिल यादव पाहलावास ने कहा कि बीजेपी सरकार जनहितैषी नही है। मैं बीजेपी में किसी व्यक्ति विशेष की वजह से था न कि पार्टी की विचारधारा को लेकर। दीपेंद्र सिंह हुड्डा सरल स्वभाव के नेता है। आने वाले चुनाव में इनके कंधे से कंधा मिलाकर पिछले चुनाव की कमी को पूरा करेंगे। इलाके की ठेकेदारी रखने वालो व 35 ए का नारा देने वाले नेताओं को याद करते हुए उनसे बचकर रहना है। किसी भी साथी को किसी भी समय आवश्यकता हो तो उन्हें किसी भी समय याद कर सकते है। इसी संदर्भ में जाटूसाना रेलवे स्टेशन पर कार्यलय का शुभारंभ कर दिया गया है।

खबर फटाफट

प्रदूषण पर काबू पाने के लिए तीन हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे : लोहिया

सोहना : भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व ग्रामपंचायत उदाका के पूर्व सरपंच चौधरी गजराज लोहिया ने बताया कि तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण पर काबू पाने के लिए विश्व बैंक ने 3 हजार करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने का फैसला लिया गया है। इस धनराशि से प्रदूषण फैलाने वाले कारणों और वायु प्रदूषण का स्तर मापने के साथ-साथ प्रदूषण रोकने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में हरियाणा के साथ-साथ दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, झारखंड, बंगाल, बिहार को शामिल किया गया है।

कांग्रेसी भी मानने लगे डिजिटल का जलवा : राघव

सोहना : गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार का कहना है कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा भी यह मान रहे है कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल की डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया जनउपयोगी तथा बहुत ही कारगर है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा ने अपने पुराने दावों से यूटर्न लेते हुए कहा है कि वह डिजिटलाइजेशन के खिलाफ नहीं है और यह बहुत ही शानदार प्रक्रिया है जबकि कुछ दिन पहले तक हुड्डा कहा करते थे कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह डिजिटलाइशन को खत्म कर मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार द्वारा शुरू किए गए जनउपयोग के सभी पोर्टलों को बंद कर देंगे। अब हुडडा कह रहे है कि उन्होने सभी पोर्टलों को बंद करने की बात कभी नहीं की।

पंखे और इलेट्रॉनिक चूल्हे होंगे वितरितः भड़ाना

सोहना : नयागांव में रहने वाले परम गौभक्त चौधरी बलराज भड़ाना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा देश में 1.20 करोड़ गृहणियों को आगामी होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले कम बिजली खपत वाले एक करोड़ पंखे और बीस लाख इलेक्ट्रॉनिक चूल्हे बिजली मंत्रालय के माध्यम से वितरित करने का अहम फैसला लिया है, जो स्वागत योग्य है। उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए इस दूरदर्शी फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार देश में बिजली की खपत बढ़ाने के साथ-साथ बिजली खर्च कम करने पर विशेष फोकस कर रही है। सरकार की सोच है कि जिन घरों में बिजली कनेक्शन अब दिए जाए, वहां बिजली से चलने वाले पंखे और इलेक्ट्रॉनिक चूल्हों का उपयोग बढ़े ताकि ईको किंग देश के गरीबों के लिए भोजन पकाने की लागत और कम आए।

लोग हो रहे घरों में कैद : गब्दा

सोहना : सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा का कहना है कि तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण और दूषित हवा के कारण बीमार लोग इस हवा से और बीमार होने के डर से घरों में कैद होकर रह गए हैं। बुजुर्गों के प्रातःकालीन सैर पर पाबंदी हो गई है तो स्कूलों में खेल के मैदान खाली नजर आ रहे हैं। हालात ये है कि प्रदूषित हवा और प्रदूषण के चलते लोगों की सांसे फूल रही है। प्रदूषण रोकने के लिए उपायुक्त द्वारा बैठक लेने और ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाए जाने के बावजूद धरातल पर प्रदूषण रोकने के लिए ना तो टीमें नजर आ रही हैं।

सभी विभाग प्रदूषण रोकने के लिए जुटें : अरोड़ा

सोहना : लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा व लायन अजीत अरोड़ा ने सभी विभागों से आग्रह किया है वह तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए मिल-जुलकर काम करें। उन्होने सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया है कि जनप्रतिनिधि और सामाजिक संस्थाएं भी प्रदूषण से लोगों के बचाव के लिए लोगों के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाए ताकि प्रदूषण से लोगों को बचाव हो सके। उन्होने आम जनमानस से भी आग्रह किया कि लोग बिना फेसमास्क लगाए अपने घरों से बाहर ना निकले। थोड़ा-थोड़ा देर में स्वच्छ पानी पीते रहें।

आंखों में जलन व गले में खराश के तेजी से बढ़ रहे मरीज : डा. खान

सोहना : यहां पर पुराने बसअड्डा स्थित सूरज स्वास्थ्य केन्द्र निर्देशक डाक्टर राशिद खान ने कहा कि तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण और दूषित हवा के कारण आंखों में जलन, गले में खराश और सांस के रोगियों की तादाद बढ़ गई है। सांस लेते वक्त सीटी की आवाज आना, सांस लेने में दिक्कत, खांसी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द लोगों की प्रतिरोधक क्षमता पर असर डाल रहे है। ऐसे में जरूरी है कि सभी लोग फेसमास्क लगाकर ही घरों से बाहर निकले।

वायु प्रदूषण रोकने को तत्काल कदम उठाए सरकार : धारीवाल

सोहना : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने तेजी से बढ़ रहे वायु प्रदूषण की गंभीर हो रही स्थिति पर गहरी चिंता जताई है और सरकार से मांग की है कि बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सरकार तत्काल कदम उठाए। जहरीली हवा शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है, लेकिन संबंधित विभाग अभी भी कारगर कदम उठाते नजर नही आ रहे है जबकि लोगों के मस्तिष्क और भावनात्मक तथा मनोवैज्ञानिक पहलू को प्रभावित करने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए समय रहते उचित कदम उठाना बहुत ही जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसला का किया स्वागत

सोहनाः भाजपा के भौंड़सी मंडल में महामंत्री देवेन्द्र प्रधान उल्लावासिया ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आप के वरिष्ठ नेता व निलंबित सांसद राघव चड्डा को राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से बिना शर्त माफी मांगने के दिए गए आदेश का स्वागत किया है।

चार एकड़ भूमि पर होगा निर्माण

भौंड़सी में बनेगा 100 बिस्तरों वाला अस्पताल : संजय सिंह

इससे कई गांवों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का घर बैठे सर्वाधिक लाभ मिलेगा

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। भाजपा विधायक संजय सिंह छोकर ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार में क्षेत्र के लोगों के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है। सोहना ब्लाक के आदर्श गांव भौंड़सी में 4 एकड़ भूमि पर 100 बैड युक्त सरकारी अस्पताल बनाए जाने का कार्य जल्द शुरू होगा।

वह गांव भौंड़सी में अपने सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भौंड़सी में 100 बैड का सरकारी अस्पताल बनने से आसपास लगते दर्जन भर से ज्यादा गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का घर बैठे सर्वाधिक लाभ मिलेगा।

समारोह में सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार, भाजपा के भौंड़सी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी व शिक्षाविद पंडित अनिल कौशिक, ब्लाकसमिति उपचेयरमैन रहे राजेश राघव भौंड़सिया, भौंडसी गांव के नंबरदार भागीरथ राघव, नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह, युवा समाजसेवी कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, सोहना खेलस्टेडियम कमेटी मैंबर अनिल जैन, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया आदि मौजूद थे।

इन लोगों ने यहां पर ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी में गांव भौंड़सी और आसपास लगते 15 गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए 4 एकड़ भूमि ग्रामपंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग को मुहैया कराए जाने और स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव भौंड़सी में 100 बैड का अस्पताल बनाए जाने के लिए ग्रामपंचायत भौंड़सी के साथ-साथ हलका विधायक संजय सिंह तथा स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज और मुख्यमंत्री मनोहरलाल का गांव भौंड़सी और क्षेत्र की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि गांव भौंड़सी में 4 एकड़ भूमि पर 100 बैड का सरकारी अस्पताल बनाए जाने से गांव भौंड़सी के आसपास लगते गांव रिठौज, मारूतिकुंज, नयागांव, सहजावास, बहल्पा, खेड़ला, घामडोज, अलीपुर, हरियाहेड़ा, टीकली, कादरपुर आदि गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा क्योकि अभी तक गांव भौंड़सी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चल रहा है, जिसमें उपरोक्त गांवों के रहने वाले रोगी उपचार के लिए आते है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की हालत काफी जर्जर है और कई बार छतों से मसाला छूट-छूटकर नीचे गिरने से कोई भी अनहोनी होने का अंदेशा रहता है लेकिन अब ग्रामपंचायत ने गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की जर्जर हालत को देखते हुए 4 एकड़ भूमि स्वास्थ्य विभाग को मुहैया कराई है, जिसमें 100 बैड का सरकारी अस्पताल बनेगा।

जमीन ग्राम पंचायत ने मुहैया करवाई

विधायक संजय सिंह का कहना है कि गांव भौंड़सी व आसपास क्षेत्र के लोग काफी वर्षो से इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढ़ाए जाने की मांग कर रहे थे। अच्छी बात ये है कि ग्रामपंचायत ने 4 एकड़ भूमि गांव में 100 बैड का अस्पताल बनाए जाने के लिए मुहैया कराई है। जिससे यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढ़ाकर इसे सोहना शहर की तर्ज पर नागरिक अस्पताल का दर्जा मिलेगा उन्होंने बताया कि भौंड़सी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के तहत आता है।

अहोईअष्टमी का त्योहार उमंग व धूमधामपूर्वक मनाया गया

यह व्रत कठिन जरूर होता है, लेकिन बेटे की मंगलकामना के आगे यह कुछ भी नहीं

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। अपने लाडलों की लंबी उम्र के लिए यहां पर रविवार को महिलाओं ने पूरे दिन अहोईअष्टमी का निर्जल व्रत रखा। व्रत को लेकर महिलाएं बाजारों में अहोई की माला में डालने के लिए मोती की खरीददारी करती दिखाई पड़ी।

बता दें कि अहोईअष्ठमी के उपलक्ष्य में आज यहां पर मेहंदी, मिठाई व सौन्दर्य प्रसाधन बेचने वालों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। वेदकला शर्मा, रजनी भारद्वाज, सरला गुप्ता, मनीषा गुप्ता, कैलाश देवी यादव, दीपा सिंगला, उषा सैनी, पूजा सैनी, रितेश देवी सैनी, बबीता सैनी आदि महिलाओं ने बताया कि प्राचीन मान्यताओं के अनुसार यह व्रत बेटे की मां ही रख सकती है क्योंकि इस व्रत को बेटे की लंबी आयु के लिए किया जाता है।

उन्होंने बताया कि कुछ जगहों पर चांद तो कई स्थानों पर तारें देखकर व्रत खोला जाता है। पंडित विष्णुकांत शास्त्री, रमेश शास्त्री, चमनपुरी गोस्वामी, मास्टर अनिल वशिष्ठ, दिनेश शास्त्री, अनिल शर्मा कोकी, लोकेश भारद्वाज, पंडित अनिल शास्त्री आदि के अनुसार तारें देखने के बाद इस व्रत का पूजन शुरू होता है। कथा सुनी जाती है। जब चांद निकलता है, तब उसे अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। कई स्थानों पर तारों को अर्घ्य देकर भी व्रत का पारायण किया जाता है। सबकी अपनी मान्यताएं होती है। अहोईअष्ठमी के लिए मोती खरीद रही गांव मेहन्द्रवाड़ा की मोनिका धारीवाल, गांव रायसीना की निर्मला देवी यादव, ढाणी की रहने वाली बृजेश खटाना, मनीषा अग्रवाल, नंबरदारनी कविता सैनी, बाला देवी जोहलाका, शिक्षाविद भारती लोहिया, मंजू राजपाल, रोशनी भारद्वाज, निर्मला खटाना, मधु राघव, कल्पना, सोनिया वर्मा, पूजा चौहान, सीमा यादव, डाक्टर पलक वर्मा आदि ने बताया कि आज के दिन अहोईअष्ठमी पर इस व्रत को करने से बेटे दीर्घायु के साथ तेजस्वी व यशस्वी भी होते है। इसलिए वह प्रत्येक वर्ष पूरी आस्थापूर्वक इस व्रत को रखती है। एक बुजुर्ग महिला का कहना है कि यह व्रत कठिन जरूर होता है लेकिन बेटे की मंगलकामना के आगे यह कुछ भी नहीं है।

इस व्रत में माता को अपने हाथों पर मेहंदी लगवाना भी अत्यंत अच्छा शगुन माना जाता है। इसी तरह यशोदा गुप्ता, सविता बेदी की भी व्रत के प्रति असीम आस्था है। उन्होंने बताया कि वह इस दिन शाम से ही पकवान बनाना शुरू कर देती है।

दिवाली पर स्वदेशी सामान को खरीदने को तरजीह दें : तंवर

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । सोहना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रहे चौधरी तेजपाल तंवर ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि लोग दिवाली पर विदेशी सामान की बजाय स्वदेशी सामान को खरीदने को तरजीह दें ताकि लद्यु कुटीर उद्योग को मिले।

उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को घर बैठे रोजगार मिले और देश का पैसा देश से बाहर जाने की बजाय देश में ही रहने पर भारत की आर्थिक स्थिति ज्यादा मजबूत बने।

भाजपा विधायक रहे चौधरी तेजपाल तंवर ने इस बात पर खुशी जताई है कि सूरजकुंड में आयोजित किए गए दिवाली मेले के जरिए स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। इसलिए सूरजकुंड मेले में लगाए जा रहे सभी स्टाल स्वदेशी उत्पाद वाले कारोबारियों को आवंटित किए गए है। उन्होंने बताया कि सूरजकुंड दिवाली मेले का अवलोकन करने पर सामने आया कि इस मेले में ऐसे उत्पाद ज्यादा है, जिनका दिवाली के मौके पर इस्तेमाल करते है। मसलन घर की साज-सज्जा के लिए उपयोग में लाए जाने वाले दीए, रंग-बिरंगी लाइटें, मूर्तियां आदि प्रमुख है।

इस मौके पर डाक्टर रविन्द्र राघव, कर्मबीर अंबावता, राजकुमार तंवर, पूर्व सरपंच सुभाष त्यागी, ओमा त्यागी, धीरू नागर आदि प्रमुख लोगों समेत भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोग भी मौजूद रहे।

राकेश टिकैत को जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराए सरकार : डागर

सोहना। क्षेत्र में प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर ने भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता राकेश टिकैत को लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर द्वारा एनकाउंटर वाले दिए गए बयान पर कड़ी नाराजगी जताते हुए केन्द्र सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने के साथ-साथ किसान नेत राकेश टिकैत को जेडप्लस सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

उन्होंने भाजपा विधायक को अपने दिए गए बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि किसान नेता राकेश टिकैत अकेले नही है बल्कि पूरे हिंदुस्तान में रहने वाले करोड़ों किसान उनके पीछे चटटान की तरह मजबूती से खड़े है। क्षेत्र में प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर ने कहा कि सरकार को इस मामले में लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार कर इस पूरे मामले की गहराई से जांच करनी चाहिए।

सीएम से नहर निर्माण में पहल करने का आग्रह

मान और केजरीवाल आदेशों की पालना करने की बजाय हरियाणा को उसके हक का पानी देने की बजाय हठकर्मी दिखा रहे

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने कहा कि आम आदमी पार्टी संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रोहतक आए लेकिन एसवाईएल नहर निर्माण कराने और हरियाणा को उसके हक का पानी देने का ऐलान करने की बजाय चुप्पी साध गए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों को अपने बीच आ रहे आम आदमी पार्टी के नेताओं से यह जरूर पूछना चाहिए कि वे हरियाणा के हक का पानी क्यो नही दे रहे है? पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान क्या सर्वोच्च न्यायालय से भी बड़े है, जो सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करने की बजाय हरियाणा को उसके हक का पानी देने की बजाय हठकर्मी दिखा रहे हैं। धारीवाल एडवोकेट ने कहा कि आम आदमी पार्टी संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कह रहे है कि एसवाईएल नहर की जरूरत ही नही है। शहीद भगत सिंह और संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर की फोटो लगाने वाले आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवंत मान संविधान को ठेंगा दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहे है।

उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि इससे पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के वर्ष-2002, 2004, 2016 के आदेश के बावजूद हरियाणा को एसवाईएल नहर का पानी नहीं मिल रहा है। सुप्रीमकोर्ट के आदेशानुसार पंजाब सरकार की जिम्मेदारी एसवाईएल नहर का निर्माण करने की बनती है लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री के मना करने के बाद यह जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की बनती है कि वह एसवाईएल नहर का निर्माण करवाए। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह केन्द्र सरकार के सामने इस मुद्दे को रखे।

अरहम जैन ने बुक ऑफ रिकार्ड लंदन में कराया नाम दर्ज,मिल रही बधाइयां

सोहना : श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन, सोहना स्टेडियम कमेटी मैंबर अनिल जैन, युवा समाजसेवी सिद्धार्थ जैन, प्रीतम जैन ने अहीरवाल के रेवाड़ी स्थित सेक्टर चार किडजी स्कूल के 4 वर्षीय छात्र अरहम जैन के गणितीय, संक्रियाएं, पाठ्यपुस्तक का अध्ययन व धार्मिक मंत्र पढ़ते हुए एक साथ कई मानसिक गतिविधियां कर अपना नाम बुक ऑफ रिकार्ड लंदन में दर्ज कराने पर खुशी जताते हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थी अरहम जैन को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में सबसे कम उम्र के अरहम जैन ने अपना नाम बुक ऑफ रिकार्ड लंदन में दर्ज कराकर प्रमाणपत्र हासिल कर दिखा दिया है कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नही है। उन्होंने संकेत दिए कि वह जल्द ही अरहम जैन के आवास पर जाकर उसे सम्मानित करते हुए उसके अभिभावकों को भी सम्मानित करेंगे।

मोदी-मनोहर सरकार ने बदली देश व प्रदेश की तस्वीर : योगी राघव

देश व प्रदेश की जनता मोदी-मनोहर सरकार को तीसरी बार भी सत्तासीन करेगी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़लिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं के पसीने बहाने से सरकार बनती है और आने वाले चुनावों में भी भाजपा के कार्यकर्ता तथा देश व प्रदेश की जनता मोदी-मनोहर सरकार को तीसरी बार भी सत्तासीन करेगी। मोदी-मनोहर सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी नीतियों से देश और प्रदेश की तस्वीर बदली है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस क्षेत्रवाद, परिवारवाद की राजनीति करती आई है जबकि भाजपा की मोदी-मनोहर सरकार ने विकास के लिए काम किया है। डबल इंजन की सरकार में देश और प्रदेश की तस्वीर बदली है।

खेड़लिया ने कहा कि बीते 9 साल में भाजपा सरकार ने ऐसे-ऐसे विकास के काम किए हैं, जिन्हें पिछली सरकार ने सोचा तक नहीं था। आज पूरा देश व प्रदेश बदला हुआ नजर आ रहा है। केन्द्र व प्रदेश की जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं हैं, वे गरीबों के घर-द्वार तक पहुंच रही है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के तहत पूरे राज्य में समान रूप से विकास किया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष-2014 से पहले हरियाणा में क्षेत्रवाद, परिवारवाद, भाई-भतीजावाद हावी था। भाजपा राज में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। चारों तरफ हाईवे, सड़कों का जाल बिछा है। मोदी-मनोहर की सरकार ने आम लोगों के जीवन को आसान किया है। भाजपा की ईमानदार मनोहरलाल सरकार ने दूर-दूर तक बैठे व्यक्ति को योजनाओं से जोड़ा है। जिसका लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। खेड़लिया ने दावा जताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता जब अपना पसीना बहाता है, तब सरकार बनती है। साढ़े 9 सालों में प्रधानमंत्री ने देश को शक्तिशाली बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी 5वीं अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल को देश व प्रदेश के हर व्यक्ति की चिंता है।

शकुंतला देवी के जीवन से प्रेरणा लें मातृशक्ति : सुरज्ञान सिंह

सोहना : यहां पर नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे व प्रमुख समाजसेवी सुरज्ञान सिंह अपने लाव-लश्कर के साथ भाजपा की लोकसभा सदस्या सुनीता दुग्गल के आवास पर पहुंचे और सांसद सुनीता दुग्गल व मिलेनियमसिटी नगरनिगम में संयुक्त आयुक्त सुमित दुग्गल की माताश्री शकुंतला देवी धर्मपत्नी सत्यनारायण के निधन पर गहरा शोक जताया।

उन्होंने परिवार का ढांढस बंधाया और ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति दे तथा उनके परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। सुरज्ञान सिंह व उनके साथ गए लोगों ने शकुंतला देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और सांसद सुनीता दुग्गल व मिलेनियमसिटी नगरनिगम में संयुक्त आयुक्त पद पर कार्यरत एचसीएस अधिकारी सुमित दुग्गल तथा आईपीएस अधिकारी राजेश दुग्गल व डीईटीसी अमित कुमार को ढांढ़स बंधाया।

कर्मचारियों की जायज मांगों को मानने में ना हो देरी :उस्मान प्रधान

सरकार पुरानी पेंशन बहाली कर ठेकाकर्मियों को नियमित करे और निजीकरण पर तुरंत रोक लगाए

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। एचएसईबी वर्करज यूनियन पंजीकृत नंबर-292 के यूनिट प्रधान चौधरी उस्मान खान व यूनिट सचिव श्रीचंद धारीवाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की गई चेतावनी रैली में देश भर से आए लाखों कर्मचारियों ने हुंकार भरकर सरकार को चेताया है कि वह अब कर्मचारियों की जायज मांगों को मानने में देरी ना करे। अन्यथा कर्मचारी इस बार आरपार की लड़ाई लड़ मौजूदा सरकार को वोट की चोट से घर बैठाने में देरी नही लगाएंगे।

एचएसईबी वर्करज यूनियन पंजीकृत नंबर-292 के यूनिट प्रधान चौधरी उस्मान खान व यूनिट सचिव श्रीचंद धारीवाल ने कहा कि अभी भी वक्त है कि सरकार पुरानी पेंशन बहाली कर ठेकाकर्मियों को नियमित करे। निजीकरण पर रोक लगाए। खाली पदों को तत्काल प्रभाव से भरा जाए। 8वें वेतन आयोग का गठन कर एनईपी पर रोक लगाई जाए। ऐसा ना करने की स्थिति में एक पखवाड़े बाद राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान हो सकता है।

उन्होंने कहा कि देश के लिए इससे शर्मनाक बात क्या होगी कि सरकार के पास पूंजीपतियों के कर्ज माफी, टैक्स माफी के लिए धन है लेकिन कर्मचारियों को पेंशन, ठेके पर लगे कर्मचारियों की रेगुलाइजेशन और खाली पदों को भरने के लिए धन नही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनसेवाओं और पीएसयू को निजी हाथों में सौंपने का षड्यंत्र रच रही है। जिसे कर्मचारी किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेंगे।

जजपा सरकार बनने पर बुजुर्गों को मिलेगी 10 हजार रुपए पेंशन :तंवर

सोहनाः इनसो के राष्ट्रीय महासचिव मोहित तंवर एडवोकेट ने जजपा के झंडे तले शाहाबाद में आयोजित की गई रैली में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के प्रदेश में जजपा की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनने पर बुजुर्गों को दस हजार रुपए माहवार पेंशन दिए जाने वाले ऐलान का स्वागत किया है।

साथ ही उन्होंने यह भी दावा जताया कि भाजपा सरकार में जजपा की भागीदारी से बुजुर्गों की पेंशन 2 हजार से बढक़र 3 हजार रुपए माहवार हो गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह धरातल पर संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाएं तथा मिशन दुष्यंत-2024 की कामयाबी के लिए अभी से जी-जान से जुट जाएं।

तंवर एडवोकेट ने बताया कि जजपा द्वारा राज्य में बूथ सखी और बूथ योद्धा बनाने का काम तेजी से चल रहा है। 19 हजार 500 बूथों पर बूथ योद्धा और बूथ सखी बनाकर आगामी चुनावों में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा बढ़ाई जाएगी।

कार्यक्रम डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में दीपावली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

दीपक जला दीवाली मनाएं,आओ मिलकर धरती बचाएं: संगीतादास मान

भारत को त्योहारों और उत्सवों के देश के रूप में जाना जाता है: संगीतादास मान

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। गांव भौंड़सी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र के समीप स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आज दीपावली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचने पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी में सहायक निर्देशक संगीतादास मान तथा विशिष्ठ अतिथि रूप में मौजूद सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र से आए कमांडेंट आशीष झा, शिक्षाविद हेमा अरोड़ा, फरीदाबाद डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल से आई शिक्षाविद राजवंशी, शिक्षाविद मनीषा खत्रा, व्यापार मंडल संघ के चीफ एडवाइजर व अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश गुप्ता, शिक्षाविद अमित तुंदवाल व शत्रुघ्न राघव का स्कूल प्रबंधन कमेटी तथा विभिन्न गांवों से आए मौजिजान लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर भौंड़सी के साथ-साथ आसपास लगते करीब 40 गांवों से आए आमंत्रितजनों तथा अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर संगीतादास मान ने उपस्थितों को दीपावली, गौवर्धन पूजा, भाईदूज, छठ पर्व की बधाई दी। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भौंड़सी ने बच्चों की प्रतिभा उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं व दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि भारत को त्योहारों और उत्सवों के देश के रूप में जाना जाता है। दिवाली भी उन्हीं में से एक है। त्योहार चाहे कोई भी हो, अनेकता में एकता को प्रदर्शित कर आपसी प्रेम-प्यार, भाईचारे को बढ़ाने का पैगाम देते है।

कमांडेंट आशीष झा, शिक्षाविद हेमा अरोड़ा, फरीदाबाद डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल से आई शिक्षाविद राजवंशी, शिक्षाविद मनीषा खत्रा आदि समेत विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर चरित्र व नैतिकता उत्थान, ईमानदारी, विनम्रता, उच्च शिक्षा, आज्ञाकारिता पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जो हमारे भारतीय महाकाव्य रामायण के मूल में है।

इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्या नैंसी शर्मा ने मौजूद विद्यार्थियों को दीपावली पर पटाखे नही चलाने की शपथ दिलाई और बताया कि पटाखों से वायु व ध्वनि प्रदूषण होता है। धुएं से लोगों विशेषकर हार्ट व दमा के रोगियों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ होती है। काफी पक्षी भी प्रदूषण के कारण मौत के मुंह में चले जाते है जबकि दीपावली दीपों का त्यौहार है। इसलिए इस त्यौहार को दीप जलाकर अच्छे से मनाना चाहिए और धरती को बचाना चाहिए।

दीपावली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में किंडरगार्टन से 5वीं तक के छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रामायण पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत कर अच्छाई की हमेशा बुराई पर जीत का संदेश देते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

देखने वाली बात ये रही कि इस उत्सव में किंडरगार्टन से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों ने रावण का अनदेखा चित्रण, श्रीराम का पंचवटी आगमन, सेतू निर्माण, श्रीराम-रावण का युद्ध, श्रीराम जी का अयोध्या आगमन पर मर्मस्पर्शी चित्रण करने के साथ-साथ खेल-खेल में शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।

इस मौके पर बच्चों ने रंगोली बनाकर हरित दीपावली मनाने का प्रण लिया है।

दैनिक भरोसा मित्र

गुरुग्राम, सोमवार
6 नवंबर 2023

www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कूड़ा नहीं ...



गुरुग्राम

अंदर देखे
अटल सेवा केंद्र संचालकों को सीएससी पर ...

dainikbharoosa

खबर फटाफट

नाम बदलने से समस्याओं का समाधान नहीं होता

गुरुग्राम। दीपावली हिंदूओं का प्रसिद्ध त्यौहार है। बाजार विभिन्न उत्पादों से सज रहे हैं, लेकिन पहली बार दीपावली से पूर्व मुख्य सदर बाजार सहित शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं कोर्ट परिसर में भी कूड़े के ढेर लगे हैं। कई स्थानों पर कुछ लोग गंदगी के ढेर में आग तक लगा देते हैं, जिससे प्रदूषण फैलता है।

उक्त बात भगवान श्री परशुराम सेवादल के अध्यक्ष व जिला बार के पूर्व महासचिव पंडित अरुण शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुडा सिटी सेंटर का नाम मिलेनियम सिटी सेंटर रखा गया, गुड़गांव का नाम बदलकर गुरुग्राम कर दिया गया। लेकिन पिछले एक माह से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी फैली हुई है, उसे अभी तक साफ नहीं कराया गया। नाम बदलने से समस्याओं का समाधान नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री, राज्यपाल तथा वरिष्ठ अधिकारियों का गुरुग्राम में आगमन होता है। निगम के अधिकारी भी प्रति माह बैठक करते हैं। लेकिन सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि शहर में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। आमजन को परेशानी हो रही है। प्रदेश सरकार इस ओर ध्यान दे। निगम प्रशासन को चाहिए कि त्यौहार से पूर्व इस समस्या का समाधान कराए।

बच्चों को आपराधिक गतिविधियों में न होने दें शामिलः पुलिस

गुरुग्राम। बच्चों को आपराधिक गतिविधियों में शामिल न होने देने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने आमजन से आग्रह किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्राय- देखने में आया है कि नाबालिक बच्चे अवैध हथियारों तथा नशे से संबंधित अपराधों में संलिप्त पाए जा रहे है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा पिछले कुछ समय से कई नाबालिक बच्चों को नशे तथा अवैध हथियार रखने व बेचने के संबंध में गिरफ्तार भी किया है। बच्चे अक्सर सोशल मीडिया से प्रभावित होकर भी गैरकानूनी व आपराधिक गतिविधियों अवैध हथियार रखने, नशे की चपेट में आ जाते है। गुरुग्राम पुलिस आमजन से अपील करती है कि आप अपने बच्चों पर ध्यान दें तथा गैरकानूनी व अपराधिक गतिविधियों में शामिल न होने दें। इस तरह की वारदातों को रोकने या अपने बच्चों को इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों से सुरक्षित रखने के लिए किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त करने के लिए गुरुग्राम पुलिस को बेझिझक संपर्क करें।

एसएचओ सैक्टर 14 ने बुलाई कई आरडल्यूए की बैठक

गुरुग्राम। शहर के प्रमुख सैक्टर 14 थाना से संबद्ध कई कालोनी व सैक्टर्स प्रतिनिधियों और सीनियर सिटीजंस की एक बैठक एसएचओ कृष्णकांत ने रविवार को आयोजित की। इसमें सैक्टर 12ए हुडा मार्किट एसोसिएशन के महासचिव संजीव अग्रवाल, प्रेम नगर आरडब्ल्यूए के प्रधान मुनीष यादव, सैक्टर 14 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल (बिजनेसमैन), महासचिव विकास वर्मा, राजीव नगर, सैक्टर 12 रेजिडेंट, संजय ग्राम आदि के दर्जनों प्रतिनिधि जहां शामिल हुए, वहां एसआई नरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल संदीप सिकंदर, अशोक कुमार सहित थाने का काफी स्टाफ भी मौजूद रहा।

सरस मेले में रविवार को उमड़ी शहरवासियों की भीड़

झारखंड का तशर सिल्क के कपड़े व आर्गेनिक ग्रासरी के सामान की हो रही बंपर खरीदारी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। जारी सरस आजीविका मेला 2023 में आखिरी संडे पर जबरदस्त भीड़ उमड़ी। मेले में न केवल लोगों ने खरीदारी की बल्कि फूड कोर्ट में लोगों ने जमकर जायके का भी लुत्फ उठाया। फूड कोर्ट में देर रात तक भारी भीड़ रही। साथ ही लोगों ने इस दौरान सांस्कृतिक संध्या का भी आनंद लिया। मेले में आज झारखंड के गोड्डा जिले से आई हुई रिमझिम सखी मंडल ग्रुप की सुचित्रा देवी ने बताया कि मेले में उनके स्टॉल नंबर 79 पर तशर सिल्क साड़ी, सूट, दुपट्टा समेत फेब्रिक कपड़े भी उपलब्ध हैं, जिसे यहां लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले से आई हुई प्रगति महिला समिति की मीनू रक्षित ने बताया कि उनके स्टॉल नंबर 211 पर आर्गेनिक शॉप में राइस-मिल्क शॉप, हल्दी-चंदन शॉप, ऑलमंड-रोज शॉप आदि, फेस वॉश, हेयर ऑयल, क्रीम, बॉडी पेन रिलीफ जैसे आर्गेनिक प्रोडक्ट गुरुग्राम वालों को काफी आकर्षित कर रहा है। वहीं, फूड आइटम की अगर हम बात करें तो झारखंड के रांची से आई हुई बिमला देवी ने बताया कि उनके स्टॉल नंबर 210 पर पंद्रह प्रकार के अचार में बांस का अचार, आंवला अचार, कटहल अचार, हरा मिर्च, महुआ का अचार, पुटकल अचार समेत जामुन सिरका, जामुन बीज पॉउडर (सुगर के लिए फायदेमंद है), मधु, ब्राउन राइस के सामान यहां पर उपलब्ध हैं, जिसकी लोग खरीदारी कर रहे हैं। इस स्टॉल पर आप को एक सौ रुपये से लेकर चार सौ रुपये तक के सामान हैं। वहीं, स्टॉल नंबर 375 पर अपनी स्टॉल लगाई हुई रीता होरो ने बताती हैं कि यहां हमारे स्टॉल पर इमली का केक, इमली का अचार, रागी का आटा, समेत यहां आप को लाख की चूर्डी ां भी मिल जाएंगी। साथ ही अगर आप को महिलाओं द्वारा तैयार किया गया आर्गेनिक मकई आटा, चना सत्तू, चना बेसन, अरहर दाल, सरसों तेल, काली मिर्च पॉउडर समेत तमाम आर्गेनिक ग्रासरी के आइटम चाहिये तो आप झारखंड के स्टॉल नंबर 208 पर रेणु कुमारी के स्टॉल पर ले सकते हैं। साथ ही झारखंड के ट्रइबल ज्वेलरी के आइटम भी आप को स्टॉल नंबर 209 पर मिल जाएंगे, जो महिलाओं को काफी आकर्षित कर रहा है। साथ ही झारखंड से यहां पर बीसी (बैंकिंग करसपोंडेंट) सखी भी आई हुई हैं, जो कि इस मेले में भाग ले रहीं महिलाओं के लिए पेमेंट के लेन-देन समेत मेले के दौरान भी अपने घर परिवार को बीसी सखी के माध्यम से पैसे भेज सकती हैं और जरूरत पडने पर मंगा भी सकती है। वहीं, मेले में सांस्कृतिक संध्या का भी लोगों ने आनंद लिया। सांस्कृतिक संध्या में नियमित रूप से पांच बजे से हरेक राज्यों के लोक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति की जाती है। ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग सेआयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाला मेला भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शा रहा है। पहले दिन ही इस मेले का आकर्षण लोगों को अपनी तरफ खींच लाया। यहां हर आयु वर्ग के लोग मेला देखने व खरीदारी करने में आ रहे हैं। गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगे इस मेले में देश के 28 राज्यों के 400 से अधिक स्टॉलों पर लोग खरीदारी के लिए आ रहे हैं। मेले की विविधता लोगों को आकर्षित कर रही है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं की विशेष उपस्थिति वाला यह मेला महिला सशक्तिकरण की एक बेहतरीन मिसाल है जहां न केवल वह अपना उत्पाद लेकर आई हैं बल्कि वह भारत की विविधता और अनेकता में एकता का संदेश भी दे रही हैं। आयोजकों के लिए यह मेला निःशुल्क है। सुबह 11 बजे से रात्रि 9.30 तक चलने वाले इस मेले में लोगों की खासी दिलचस्पी है। दूसरी बार यह मेला गुरुग्राम में लग रहा है और लोग इसको लेकर उत्साहित हैं। इस मेला में 28 राज्यों से आई स्वयं सहायता समूह की 800 दीदी अपनी कला एवं संस्कृति से जुडे हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टॉल लगाई हैं।

5 दिवसीय दीपावली महापर्व 10 से शुरु

महापर्व में हैं शामिल धनतेरस, नरक चौदस, दीपावली, गोवर्धन व भाई दूज

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भारत देश पर्वों का देश है, जितने पर्व व त्यौहार हमारे देश में मनाए जाते हैं, उतने पर्व विश्व के किसी अन्य देश में नहीं मनाए जाते हैं। ये सभी पर्व धार्मिक आस्थाओं से जुड़े हैं और सामूहिक रुप से मनाए जाने वाले इन पर्वों से आपसी भ्रातृत्व की भावना जागृत होती है। दीपावली का पर्व भी आने वाला है, जिसकी तैयारियां सभी ने शुरु की हुई हैं। दीपावली 5 दिवसीय महापर्व है। दीपावली से पूर्व धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व को महालक्ष्मी को समर्पित माना जाता है। 10 नवम्बर को धनतेरस पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, यानि कि लोग अपनी सामर्थ्यनुसार सोना-चांदी, हीरा-मोती की ज्वैलरी व स्टील आदि के बर्तन खरीदकर इस पर्व को मनाएंगे। धनतेरस को धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। दीपावली 5 दिवसीय महापर्व है। बाजार सज गए हैं और लोग अपने सामर्थ्यनुसार जमकर खरीददारी भी कर रहे हैं। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि दीपावली 5 दिवसीय महापर्व होने के कारण प्रथम दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चौदस यानि कि छोटी दीपावली, तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन व 5वां दिन भाई दूज के रुप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। शहर के मुख्य सदर बाजार, जैकबपुरा, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड, सभी आवासीय सैक्टरों के मार्किट, सोहना चौक सहित अन्य क्षेत्रों स्थित मार्किटों व शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित शॉपिंग मॉल्स में दीपावली पर्व की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दुकानदारों ने हर श्रेणी का सामान बिक्री के लिए रखा हुआ है। उधर गिफ्ट आईटम्स की भी मार्किट में भरमार है। लोग अपनी सामर्थ्यनुसार गिफ्ट आईटम्स खरीद रहे हैं। हलवाईयों के यहां भी दीपावली को लेकर पैक मिठाईयों की बुकिंग पूरी हो चुकी हैं। खरीददारों का बाजारों में तांता लगा हुआ है।

महिलाओं ने रखा अहोई अष्टमी का व्रत, की मां पार्वती की पूजा-अर्चना

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। संतान की रक्षा और दीर्घायु के लिए रविवार को महिलाओं ने अहोई अष्टमी का व्रत रख माता पार्वती की पूजा अर्चना कर संतान की दीर्घायु की कामना की। महिलाओं ने प्रातः से ही व्रत की तैयारियां शुरु कर दी थी।

पूरे दिन व्रत रखने के बाद महिलाओं ने सायं के समय आसमान में तारा को अर्ध्य देकर अपने व्रत का समापन किया। व्रतियों ने बड़ी बुजुर्गों महिलाओं से अहोई माता की कथा भी सुनी। अहोई माता की दीवार पर गेरु या लाल रंग से आकृति भी बनाई। चांदी के मोतियों की माला व जल से भरा हुआ कलश भी अहोई माता की आकृति के समक्ष रख कर अपने बच्चों की दीर्घायु की कामना की। अहोई पर्व को लेकर कई किवदंतियां प्रचलित हैं। जहां स्याहू वाली किवदंती प्राचीन मानी जाती है, वहीं मध्यप्रदेश के दतिया नगर के सेठ चंद्रभान का प्रसंग भी इस पर्व में आता है। बड़ी बुजुर्ग महिलाओं ने कथा का वर्णन करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश के दतिया नगर में सेठ चंद्रभान नाम का व्यक्ति सपरिवार रहता था।

यूआईडीएआई ने 14 दिसंबर तक बढ़ाई आधार कार्ड अपडेशन की तारीखः डीसी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम।भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में आधार कार्ड अपडेशन की तिथि बढ़ाकर 14 दिसंबर 2023 कर दी है। उक्त जानकारी देते हुए डीसी निशांत कुमार यादव ने आमजन से आह्वान किया है कि वे अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 दिसंबर 2023 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर स्वयं निशुल्क अपडेट कर सकते हैं। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी,जबकि सीएससी सेंटर से अपडेट कराने पर निर्धारित शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

डीसी ने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है।

उन्होंने जिलावासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार अपडेट कराना जरूरी है।

गोली चलाने वाले नाबालिग आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गुरुग्राम। दुकान से लिए सामान के पैसे मांगने तथा पुरानी रंजिश के तहत जान से मारने की नीयत से 2 व्यक्तियों को गोली मारने वाले नाबालिक आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया है, जिसके कब्जे से एक पिस्टल व 2 खाली कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 नवम्बर को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी सैक्टर 93 में एक लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि वह गांव गढ़ी हरसरू में एक दुकान पर बैठा था तथा उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी बैठा था। एक युवक उनकी दुकान पर सामान लेने आया तथा समान के पैसे मांगने पर उसने पैसे देने से मना कर दिया तथा पैसे मांगने पर उसने पिस्तौल से फायर कर दिया, जिसमें वह बच गया। लेकिन उसके साथ बैठे व्यक्ति सतीश को कंधे पर गोली के छर्रे लगे। जाते समय उसने एक अन्य व्यक्ति को भी गोली मारी। थाना सैक्टर-10ए ने मामला दर्ज कर नाबालिक आरोपी को गढ़ी हरसरु से काबू कर लिया। आरोपी नाबालिक से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उसकी पीडित से कुछ समय पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके चलते उसने उस पर गोली चलाई तथा आपसी कहासुनी को लेकर ही उसने उसके साथ ही पढने वाले एक अन्य लड़ने पर भी गोली चलाई जिसमें वह बच गया लेकिन उसके दो अन्य साथी गोली से घायल हो गए।

सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी कल्याण संघ ने आप नेत्री को किया सम्मानित

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों बहुत जरूरी : सारिका वर्मा

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा वार्षिक बैठक का आयोजन रेलवे स्टेशन रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया गया, जिसमें अतिथि के रुप में ईएनटी एसोसिएशन की अध्यक्ष डा. सारिका वर्मा शामिल हुए। डा. सारिका वर्मा ने बताया की 76 वर्षों में औसत जीवन प्रत्याशा 32 वर्ष से 70 वर्ष बढ़ गई है ये आधुनिक चिकित्सा की वजह से हैद्य नियमित व्यायाम करना, वज़न उठाना बड़े उमर के लोगो के लिए बहुत ज़रूरी है।

40 साल से बड़ी उमर की महिलाएं खास कर वजन उठा सकती हैं ताकि मांसपेशियां और हड्डियां कमज़ोर ना होद्य तम्बाकू, पान, सुपारी का सेवन मुंह का कैंसर करता है, तो इसे जरूर बंद कर देना चाहिएद्य नियमित स्वास्थ्य जांच हर साल किया जाए, शुगर, ब्लड प्रेशर, किडनी और हार्ट की दवाई को बिल्कुल नजरअंदाज ना करें। तम्बाकू, पान, सुपारी का सेवन बंद कर देना चाहिए। नियमित रुप से स्वास्थ्य जांच कराएं। हृदय रोग से संबंधित शिकायत होने पर चिकित्सक की सलाह लें, दवाओं का नियमित सेवन करें। उन्होंने कहा कि तनावमुक्त रहने के लिए सत्संग व अन्य धार्मिक आयोजन, गीत आदि का श्रवण करें। सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखें। परिवार के साथ समय व्यतीत करें। अनुसाशित जीवन जीने का प्रयास करें।

कार्यक्रम में अधिक उम्र में किस तरह स्वस्थ और खुश रहना है पर चर्चा की

इस अवसर पर सिद्धांत गुप्ता, नेकैत अरोड़ा, विजेश खटाना, सुनील गोयल, प्रताप कदम, शिवांग सिंह, जगदीश प्रसाद, शशांक मोहन, उपाध्यक्ष लाल चंद, आरके जैन, एचएस अहलूवालिया, हरि सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

पुलिस-पब्लिक समन्वय बैठक का हुआ आयोजन

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस बेहतर तालमेल के लिए पुलिस-पब्लिक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व मे साइबर पुलिस थाना पूर्व मे निरीक्षक पूनम थाना साइबर अपराध पूर्व की पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगो के साथ मिलकर पुलिस-पब्लिक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिससे लोगो मे साइबर अपराध के प्रति जागरूकता आए व किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर निस्संकोच अपने नजदीकी पुलिस थाना या साइबर थाना मे जाकर अपनी शिकयत दर्ज करवा सके।

बैठक के माध्यम से थाना साइबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम की पुलिस टीम द्वारा मीटिंग मे उपस्थित सभी बुजुर्ग, महिलाओ, बच्चों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने के साथ उनसे बचने व कानूनी सहायता के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकरी दी गयी। पब्लिक समन्वय मीटिंग मे मौजूद लोगों द्वारा उनकी शिकायतों व समस्याएं व सुझाव सुनकर उनपर अमल मे लाये जाने का आश्वासन दिया। गुरुग्राम पुलिस द्वारा आयोजित इस पुलिस-पब्लिक समन्वय मीटिंग के माध्यम से महिला विरुद्ध अपराधों व नशे के दुष्परिणाम व किसी भी समय पुलिस साहयता पाने के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112 व 1091 से संबधित जानकरी देकर भी जागरूक किया गया। मीटिंग में उपस्थित आमजन ने इस मीटिंग में दिए गए दिशा-निर्देशों का समर्थन करते हुए सराहना की तथा समय-समय पर इस तरह का आयोजन कराते रहने का सुझाव दिया। यह मीटिंग पुलिस व पब्लिक के बीच की दुरियों को समाप्त करने में सक्षम है। इसके परिणास्वरूप लोग बिना किसी डर भाव के निसंकोच अपनी परेशानी पुलिस के साथ साझा कर सकेंगे।

दीपावली मिलन व अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

पर्व और त्यौहार हमें सद्भावना का संदेश देते हैं : सीमा पाहूजा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सैक्टर 7 व सैक्टर 7 एक्सटेंशन आरडब्ल्यूए द्वारा दीपावली मिलन व अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा पर्यावरण संरक्षण समिति के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल व नगर निगम की पूर्व पार्षद सीमा पाहूजा शामिल हुई। कार्यक्रम में पहुंचने पर दोनों अतिथियों का आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्व और त्यौहार हमें सदभावना का संदेश देते हैं। सभी समुदाय हर त्यौहार व पर्व को पूरे उत्साह व उमंग के साथ मनाते आ रहे हैं, यही हमारे देश की संस्कृति है। इन आयोजनों में हर वर्ग के लोगों की सहभागिता होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमें संदेश मिलता है कि हर किसी जरुरतमंद व्यक्ति के साथ खुशियों को साझा करें और उन्हें भी अवसर दें ताकि उनकी खुशियों में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहां उपस्थित लोगों ने उनकी जमकर सराहना की। इस मौके पर भाजपा पर्यावरण संरक्षण समिति के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल व नगर निगम की पूर्व पार्षद सीमा पाहूजा ने वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढाकर तथा बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया। मंच संचालन रामलाल ग्रोवर व रितु माथुर ने किया। कार्यक्रम में प्यारेलाल वर्मा, बीडी छाबड़ा, बंटी पाहूजा, बीआर उप्पल, नरेंद्र सिक्का, आकाश शर्मा, परम डागर, कंवरभान वधवा, ठाकुर ठंग, अरविंद बजाज, किशोर पाहूजा, ज्योति, सरला दहिया, शीला सरोहा, मंजू मखीजा आदि मौजूद रहे।

खबर फटाफट

मत्स्य से कल्कि तक के अवतार को ग्रीनवुड स्कूल के बच्चों ने किया मंचित

गुरुग्राम। सेक्टर-9 में स्थित ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ योगा व अन्य प्रेरणादायी कार्यक्रमों से बच्चों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में भगवान विष्णु के दैवीय स्वरूपों पर आधारित दशावतार विषय पर मत्स्य से कल्कि तक कार्यक्रम बेहद ही खास रहा। संभवत- ऐसी पहली बार हुआ कि बच्चों ने इस तरह का धार्मिक आयोजन करके अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया हो। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कामधेनु आरोग्य संस्थान के संस्थापक एवं सेवानिवृत्ति आईएएस अधिकारी एसपी गुप्ता ने शिरकत की। स्कूल की अध्यक्षा सरिता कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा तथा समारोह में पधारे सभी अतिथिगण ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रबंधन समिति के सभी गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्या ने सभी का स्वागत किया। वार्षिकोत्सव का आगाज छात्रों ने स्वागत गीत की भव्य एवं मनमोहक प्रस्तुति द्वारा किया। प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा द्वारा इस सत्र की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई व छात्रों की उपलब्धियों से सबको अवगत कराया गया। समारोह में मुख्य अतिथि एसपी गुप्ता ने छात्रों की प्रस्तुति की बहुत सराहना की। स्कूल की अध्यक्षा सरिता कुमार तथा प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने भी इस समारोह द्वारा समाज में जागृति लाने के लिए किए गए छात्रों तथा अध्यापकों के प्रयास की सराहना की।

सनातन धर्म मंदिर का उपायुक्त विक्रम सिंह ने किया उदघाटन

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने सेक्टर.15 ए रेवेन्यू कॉलोनी में सनातन धर्म मंदिर का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूजा अर्चना की और जिला वासियों के सुखद स्वास्थ्य के लिए कामना की। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हमारा भारत देश श्रद्धालुओं का देश है। हमारे यहां पूजा, भावना और श्रद्धा लोगों के अंदर है, जोकि मानवता हित के लिए सकारात्मक पहलू है। भक्ति और पूजा हम अपने घर में भी कर सकते हैंए लेकिन मंदिर आने में रास्ते में जो भाव बनते हैं, उस प्रकार के भाव घर में नहीं बन सकते। भारत ही एक ऐसा देश है जहां स्वयं भगवान ने एक बार नहीं कई-कई बार जन्म लिया है और समाज से कुरीतियों और बुराइयों का समूल नाश करने के लिए प्रेरक संदेश भी दिया है। इस मौके पर एसडीएम अमित मान, डीआरओ बिजेंद्र राणा, नायब तहसीलदार गौछी जीवन दास, जिला कानूनगो सुमेर सिंह, जिला आपदा विभाग से गुरूकरण सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 5 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर किया परिजनों के हवाले

फरीदाबाद। हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 5 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने थाना सारन के एरिया से 5 नाबालिग बच्चे को भीख मांगते व कूड़ा बीनते हुए रेस्क्यू किया है। जिसमें बच्चों की दो की उम्र 12 वर्ष, दो की उम्र 13 व एक की उम्र 10 वर्ष है। पांचों बच्चो का नाम, पता पूछकर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार इनके परिजनों के हवाले किया गया। 5 बच्चों के परिजनों को बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हिदायत देते हुए सकुशल बच्चों को परिजनों हवाले किया है।

अवैध हथियार सहित युवक काबू

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कृष्ण बल्लबगढ़ के गांव जसाना का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से जसाना गांव के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा के साथ जिंदा रौंद बरामद किया है।

जगह-जगह जलभराव के चलते शहर बना तालाब

शहर के लोगों ने की मुख्यमंत्री और डीसी से शहर की समस्याओं के समाधान की मांग

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । शहर के लोग जहां पिछले इक साल से विकास की एक इक ईंट के लिए तरस रहे हैं वहीं शहर के चारों ओर तालाब के रुप में भरा पानी और गंदगी से खासे परेशान हैं, लेकिन शहर के लोगों की बदकिस्मती है कि उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसा नहीं है कि शहर के लोगों की ये शिकायत डीसी दरबार नहीं पहुंची। बल्कि नगर परिषद के अधिकारियों से लेकर जिले की अतिरिक्त उपायुक्त सहित डीसी और उच्च अधिकारियों को जहां शहर के लोगों ने इन समस्याओं से अवगत कराया है वहीं प्रदेश सरकार में मंत्री और वरिष्ठ नेताओं से भी शहर की बदतर हालत को सुधारने की गुहार लगा चुके हैं। शहर के नगर परिषद पार्षद सद्दाम हुसैन, समाजसेवी सहाबुद्दीन , इमरान खान, संजय, तैयब हुसैन, सतीश, मनीष आदि लोगों का कहना है कि नगर परिषद के चुनाव को हुए एक साल बीत गया है लेकिन शहर में विकास के नाम पर एक भी ईंट नहीं लगी है। शहर में चारों ओर कहीं गंदगी के ढेर लगे हुए हैं तो कहीं जल भराव से तालाब जैसे हालात हुए पड़े हैं। शहर के रास्तों का हाल यह है कि लोगों को पैदल चलने के लिए भी कीचड़ और पानी में से निकलना पड़ रहा है। कहने को तो नूंह शहर में नगर परिषद है लेकिन नगर परिषद के अधिकारियों की तानाशाही के चलते शहर के लोगों को इन मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। शहर के लोगों का कहना है कि वार्ड नं 1,2, 8 सहित अन्य कई वार्डों में तो जलभराव की स्थिति से बीमारी फैलने से इनकार नहीं किया जा सकता।

क्या कहते हैं नगर परिषद के चेयरमैन संजय मनोचा ?

नगर परिषद के चेयरमैन संजय मनोचा का कहना है कि पिछले एक वर्ष से परिषद द्वारा शहर में विकास की एक भी ईंट नहीं लगी है। ये कड़वी सच्चाई है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति और कुछ कानूनी प्रक्रिया की अड़चनों के चलते विकास कार्य ठप्प पड़े हुए थे, लेकिन उन्होंने माना कि अब बहुत जल्द ही शहर अब विकास के पथ पर दौड़ेगा और शहर में अब विकास कार्य सुचारू रूप से शुरू किए जाएंगे।

शहर में जलभराव से मच्छरों का आतंक

शहर के लोगों का कहना है कि शहर में गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों का आतंक बना हुआ है। शाम के समय में मच्छरों के चलते लोग अपने घरों के बाहर निकलने से घबराने लगे हैं। इतना ही नहीं अब तो शहर के लोगों को बढ़ते मच्छरों के कारण डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी ख़तरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिससे लोग अब डर के साए में जीने को मजबूर हैं।

मोटरसाइकिल चुराकर मांगी फिरौती, तीन गिरफ्तार

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

बाइक छोड़ने की एवज में मालिक से फोन पर मांगे थी 23 हजार की फिरौती

नूंह । मेवात पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया के दिशा निर्देश पर नूंह पुलिस लगातार अपराधियों की धर पकड़ के लगातार प्रयास कर रही है। मोटरसाइकिल चोर व साइबर क्राइम जैसे संगीन अपराधों से जुड़े आरोपियों की लगातार जिले में धर पकड़ पकड़ जारी है। नूंह पुलिस ने उपमंडल के गांव शिकारपुर से मोटरसाइकिल चोरी कर फिरौती मांगने के मामले में तीन बदमाशों को दबोचा है । जिनकी पहचान मुस्तकीम उर्फ ` ज्जूब (30) पुत्र कमरुद्दीन निवासी सीलखो थाना सदर तावडू, मुजिम उर्फ भुज्जी पुत्र हफिज (25) और साहिब उर्फ सब्बा (24) पुत्र जानू निवासी शिकारपुर थाना सदर तावडू के रूप में हुई है । उपरोक्त बदमाशों ने मोटरसाइकिल छोड़ने की एवज में मोटरसाइकिल मालिक से फोन कर 23 हजार रुपए की फिरौती मांगी थी, पुलिस ने छः आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया। निरीक्षक सुभाष प्रभारी अपराध शाखा तावडू ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकारपुर के रहने वाले इरफान ने बताया कि दो नवंबर को उसकी मोटरसाइकिल मकान के अंदर खड़ी की थी । सुबह उठकर देखा तो गेट का ताला टूटा हुआ मिला जबकि मोटरसाइकिल गायब थी।इरफान का दावा है कि दूसरे दिन शाम के समय मोबाइल पर मुजीम उर्फ भुज्जी निवासी शिकारपुर ने फोन करते हुए कहा कि 23 हजार रुपए दे दोगे तो मोटरसाइकिल मिल जाएगी, जबकि पुलिस कार्रवाई को लेकर जान से मारने की धमकी दी । इरफान ने बताया कि अपने स्तर की जांच पे ताल करने पर पता चला कि मुजीम का साथ देने में शाकिर,काला,नासिर,साहिब निवासी शिकारपुर और मुस्तकीम उर्फ निवासी सीलखो मोटरसाइकिल चोरी कर फिरौती मांगने में शामिल है।साहिब उर्फ सुब्बा मर्डर मामले में आरोपी है, जो फिलहाल जमानत पर है ।

सदर थाना पुलिस ने उपरोक्त सभी के विरुद्ध केस दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मुजिम, मुस्तकीम और साहिब उर्फ सुब्बा को गिरफ्तार कर लिया । सभी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।

राजपूताना राइफल्स के जवानों ने हमेशा साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। 13 राजपुताना राइफल समिति, गुरुग्राम के कृष्ण मंदिर में आयोजित एक भव्य समारोह में 13 विधवाओं और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया गया। 8 सालों से समिति लगातार विरागनाओ को सम्मानित कर रही है । इस अवसर पर कर्नल मुकेश सेठी ने कहा इस तरह के अयोजन से देश के सैनिकों का हौसला बढ़ता है रविवार को आयोजित होने वाले इस समारोह में सर्वप्रथम वीर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद राजपूताना राइफल्स की युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया । उन्होंने बताया कि देश की रक्षा में राजपूताना राइफल्स के जवानों ने हमेशा अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया है। इस बटालियन के शहीद हो चुके वीरों की याद में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला सैनिक बोर्ड एवं 13 राजपूताना राइफल्स के अधिकारी, पूर्व सैनिक और गुरूग्राम जिला की युद्ध वीरांगनाएं मौजूद रही।इस कार्यक्रम में एमपी, यूपी, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब से वॉर विडोस आई हुई थी जैसे परमेश्वरी देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय नायक नीरज कुमार सिंह अशोक चक्र विजेता आई हुई थी। कैप्टन दलबीर का कहना है 13 राज राइफल हमेशा विरागनाओं और उनके बच्चो सम्मान देती रहेगी । यह 13 राइफल की परंपरा रही है उन्होंने कहा की समिति हमेशा शहीदों के बच्चो को हर संभव मदद करती है चाहे सिविल नोकरी हो या फोज की नोकरी हो। सभी विरागनाओं को सम्मान देकर वह अपना कर्तव्य निभा रहे है आज 13 राइफल के सभी रिटायर्ड फौजी एक जगह एकत्रित हुए और विरागनाओ को सम्मान दिया। इस कार्यक्रम में एमपी, यूपी, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब से वॉर विडोस आई हुई थी जैसे परमेश्वरी देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय नायक नीरज कुमार सिंह अशोक चक्र विजेता आई हुई थी। परमेश्वरी विरागना का कहना था की उन्हें अपनी पलटन के जवानों से मिलकर खुशी हो रही है आज वह अपने आप पर गर्व महसूस करती है की उनका पति देश सेवा में शहीद हुआ।

जाट कल्याण सभा की आम सभा का हुआ आयोजन

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था जाट कल्याण सभा की आम सभा का आयोजन रविवार को सैक्टर 4 स्थित सामुदायिक केंद्र में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संतोख सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें भवन निर्माण प्रगति, भवन का शिलान्यास व संस्था से जुड़े व भवन जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रीतम सिंह व महासचिव मनोज श्योराण ने संस्था के चार्टेड अकाउंटेंट द्वारा तैयार किया गया संस्था की आय-व्यय का ब्यौरा भी आम सभा के समक्ष रखा। जिसे आमसभा ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि भवन के निर्माण के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आम सभा से भी आग्रह किया कि अपनी सामर्थ्यनुसार भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग करें। भवन में बेसमेंट के निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें आम सभा का मानना है कि बेसमेंट का निर्माण अति आवश्यक है। जो तकनीकी समस्या आ रही हैं, उसका समाधान तकनीकी विशेषज्ञों की सलाह से किया जाए ताकि भविष्य में कोई परेशानी न आए। इसके लिए 7 सदस्यों की समिति का गठन कर दिया गया है। जिनमें सुमन सरोत, महिपाल सिंह, सीपीडब्ल्यूडी के इंजीनियर चौहान, दीपक डबास, प्रीतम सिंह, मनोज श्योराण व नरेश कटारिया को शामिल किया गया। पदाधिकारियों ने संस्था के पंजीकरण का नवीनीकरण कराने के बारे में व आयकर की छूट से संबंधित जानकारी भी दी।

अटल सेवा केंद्र संचालकों को सीएससी पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य : डीसी

निर्धारित से ज्यादा फीस वसूलने वाले सीएससी संचालकों पर होगी कार्रवाई

डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने सीएससी संचालकों को दिए निर्देश

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला के सभी अटल सेवा केंद्र संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से दी जा रही विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने व निर्धारित वर्ग को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सीएससी का औचक निरीक्षण किया जाएगा और कोताही पाए जाने पर सीएससी संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए जरूरी सेवाओं जैसे विवाह पंजीकरण, रिहायशी प्रमाण पत्र, बीसी, ओबीसी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए अटल सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके लिए सरकार द्वारा सरकारी फीस निर्धारित की गई। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी सीएससी संचालक द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित फीस से ज्यादा राशि वसूली जाती है तो ऐसे सीएससी संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिक निर्धारित फीस देकर समयबद्ध तरीके से विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ ले सके इसके लिए सभी केंद्रों पर रेट लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य है। सरकार की अंत्योदय उत्थान की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में अटल सेवा केंद्र खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई अटल सेवा संचालक अपने गांव या वार्ड के अलावा किसी दूसरी जगह पर सेंटर संचालित करता पाया गया तो उस केंद्र का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत सभी अटल सेवा केंद्रों पर फिजिकल वेरिफिकेशन की जाएगी। इस दौरान यदि किसी केंद्र पर ब्रांडिंग और सर्विस चार्ट रेट नहीं मिला तो संबंधित केंद्र पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिले में हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उठाए जाएं ठोस कदम

नूंह। जिला में हवा की गुणवत्ता कमजोर होने से आमजन के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ रही है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कृषि विभाग, पुलिस, शहरी स्थानीय निकाय, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, अग्निशमन तथा पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य संबंधित विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिला में हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही उपायुक्त ने आमजन से भी आग्रह किया है कि वे त्योहार के सीजन के मद्देनजर बम-पटाखे न चलाएं और न ही खेतों में फसल अवशेष व घरों के आसपास कूड़ा-करकट, टायरों आदि में आग लगाएं। इससे बड़े स्तर पर वातावरण में प्रदूषण फैलता है, जो जनजीवन के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर डॉक्टरों से उचित परामर्श लें। उपायुक्त ने जिला नगर आयुक्त व संबंधित नगर परिषद व नगरपालिकाओं के सचिवों को हिदायत दी है कि उनके अधिकार क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गंदगी (कूड़ा कर्कट आदि) को जलाया ना जाए और इस बारे लोगों में जागरूकता लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही गंदगी का निवारण निर्धारित स्थल पर ही प्रतिदिन करवाया जाना सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड`) यह सुनिश्चित करे कि उनके अधिकार क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण स्थल पर जल का छिड ाव करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मी वायु की गुणवत्ता को देखते हुए आमजन को मास्क लगाने के लिए जागरूक करें। अग्निशमन विभाग शहर के रेतीले/कच्चे एरिया में प्रतिदिन जल छिड ाव करवाना सुनिश्चित करेंगे। पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी जिला में चल रही फैक्ट्रियों आदि का निरीक्षण करते हुए संबंधित कंपनी/फैक्ट्री मालिकों को वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने बारे जागरूक करेंगे।

प्रेसवार्ता पूर्व चेयरमैन ने की घोषणा, किसी पार्टी से नहीं, जनता की टिकट पर लड़ूंगा चुनाव

इलियास, रहीशा फेल, जनता चुनेगी नया विकल्प: यादराम गर्ग

क्षेत्र की जनता ने विधानसभा पहुंचाया तो राजनीति के मायने बदल दूंगा : यादराम

बोले, क्षेत्र की 36 बिरादरी का मिल रहा है भरपूर सहयोग

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । हरियाणा की पुन्हाना विधानसभा से मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन यादराम गर्ग ने चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उनका कहना है कि जनता के आशीर्वाद मिला और वे पुन्हाना विधानसभा से विधायक बने तो इतना विकास कराया जायेगा की बीस सालो तक विकास की जरूरत नहीं पड़ेगी।

यादराम गर्ग ने कहा कि मेवात हिंदू मुस्लिम एकता के लिए प्रदेश ही नहीं पूरे देश मे जाना जाता है। यहाँ की किसी जाति धर्म के आधार पर चुनाव नहीं लड़ा जाता है। मुझे यहाँ के भाईचारे पर पूरा विश्वास है मुझे इलाके की छत्तीस बिरादरी का समर्थन मिल रहा है।उन्होंने कहा कि पुन्हाना विधानसभा से विधायक बनते आ रहे विधायक इलियास मोहम्मद और पूर्व विधायक रहीश खान ने इलाके की जनता को लूटने काम किया है। यहाँ से बनते आ रहे विधायकों ने केवल थाना तहसील के माध्यम से लोगों को लूटने की राजनीति की है, ना कि इलाके के विकास की ओर ध्यान दिया है।पुन्हाना विधानसभा विकास ना होने के कारण पूरे प्रदेश में पिछड़ा हुआ है। यहाँ का युवा वर्ग बेरोजगार घूम रहा है, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, परिवहन सुविधा के लिए कभी भी यहां के नुमाइंदो ने कोई प्रयास नहीं किये। यादराम गर्ग ने कहा कि इलाके की जनता ऐसे नेताओं को अब पूरी तरह जान चुकी है। जनता अब पूरी तरह बदलाव के मूड बना चुकी है। इलाके के लोगो की मांग और विकास के लिए उन्होंने पुन्हाना विधानसभा से चुनाव ले ने का पूरा मन लिया है। वे किसी राजनीतिक पार्टी के टिकट से चुनाव नहीं लड़ेंगे कर जनता के टिकट पर चुनाव लडेंगे।जनता के आशीर्वाद से उन्हे विधायक बनने का मौका मिला तो इलाके की जनता जिस पार्टी का समर्थन कराएगी उसी का समर्थन करेंगे। पुन्हाना विधानसभा हरियाणा की सबसे पिछड़ी विधानसभा है, इस विधानसभा में ना कॉलेज है, ना स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उचित संसाधन। जिसके कारण यहां का युवा वर्ग शिक्षा के अभाव में अनपढ़ रह जाता है तथा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर दराज लोगो को भटकना पे ता है। यादराम गर्ग ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से विधायक बने तो इलाके में इतना विकास कराएंगे कि इलाके की ते दीर बदल देंगे। यहाँ के युवाओं को रोजगार के लिए कही जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कही जाने की जरूरत नहीं होगी, शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव करके विकास के असली मायने बताना ही उनका प्रथम लक्ष्य होगा। इस मौके पर गुलदीन कुरैशी समाजसेवी, कौशल कुमार, अमर चंद गोयल, अहमद कुरैशी, ज़ुबेर जैसीबी, तस्लीम पहलवान, शौ ीन डीलर सहित काफी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पिनगवां में अग्रसेन महाराज की शोभा यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

अग्रवाल बंधुओं ने नाचते गाते हुए मनाई अग्रसेन महाराज की जयंती

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । बीती रात कस्बा पिनगवां में महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मथुरा के कलाकारों द्वारा सुंदर झांकियों का प्रर्दशन किया गया। जिन्हे देखने के लिए पिनगवां सहित आस पास के गांवों से सभी वर्ग के लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। आपको बता दें कि कस्बा पिनगवां में अग्र बंधुओं द्वारा हर वर्ष अग्रसेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। इस बार भी 5177वीं जयंती बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान पिनगवां शहर के मुख्य रास्तों पर भव्य द्वार लगाकर उन्हें सुसज्जित किया गया। इस मौके पर पिनगवां के पूर्व सरपंच संजय सिंगला ने बताया कि अग्रसेन महाराज की जयंती पर मथुरा की मशहूर झांकी मंडली द्वारा अग्रसेन महाराज और माता माधवी के विवाह की झांकी, भगवान शिव द्वारा अग्रसेन को गद्दी अर्पण करते हुए, महाराज अग्रसेन द्वारा लक्ष्मी कुल देवी जी की पूजा करते हुए, श्री कृष्ण की बांसुरी पर राधा जी खड़े हुए और अग्रसेन महाराज के काली और कृष्ण के रूप में झांकियों का शानदार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि झांकियों के स्वागत के लिए विभिन्न प्रकार के ढोल नगाड़े, बैंड बाजों के साथ अग्र बंधुओं ने नाचते हुए शोभा यात्रा में खुशी खुशी झूमते दिखे। इतना ही नहीं जगह जगह पर झांकियों का फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। पूर्व सरपंच संजय सिंगला ने कहा कि अग्रसेन महाराज की जयंती पर सभी अग्र बंधुओं ने एक दूसरे को गले लगाकर अग्रसेन महाराज की जयंती को धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सुंदर सिंगला , कालू मंगला, मोनू सिंगला, रिंकू मंगला, भूषण सिंगला, सतीश, मोनू मंगला, सुरेंद्र सिंगला सहित काफी अग्र बंधु मौजूद रहे।

खबर फटाफट

कनीना शहर पुलिस ने पकड़ा अवैध पटाखों का भंडार

कनीना। दीपावली का त्योहार करीब है ऐसे में पटाखों का कारोबार करने वाले चोरी-छिपे पटाखे एकत्र कर बेचने में जुट गए हैं। कनीना पुलिस ने कनीना स्थित एक मकान में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पटाखे बरामद किए हैं। पटाखों का अवैध भंडार करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कनीना शहर थाना की पुलिस को टीम को मुखबिर खास से कनीना में दुकान के ऊपर रिहायशी मकान में अवैध तौर पर पटाखे रखे जाने की गुप्त सुचना मिली। जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बतलाए हुए स्थान पर रैड की, इस दौरान दुकान पर खड़ा व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर वहां से भाग गया। दुकान के ऊपर मकान को चेक करने पर मकान में बने एक कमरे में प्लास्टिक के कट्टे में रखे विस्फोटक पटाखे बरामद हुए। मकान में सफेद प्लास्टिक का कटा रखा हुआ था जिसमें 30 पैकेट पटाका मुर्गा, आठ पैकेट किंग, 5 पैकेट रॉकेट मार्का मुर्गा, 6 पैकेट मार्का युवा, दो पैकेट टीकड़ी, 14 पैकेट फुलझड़ी, दो पैकेट मिकी माउस, तीन पैकेट जय शक्ति मार्का बम, 7 पैकेट मिनी बुलट बम, 50 पैकेट पटाखे सहित अन्य बरामद किया। पुलिस ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

अवैध रूप से पटाखे बेचते एक व्यक्ति काबू

नारनौल। पुलिस ने स्थानीय नई मंडी में अवैध रूप से पटाखे बेचते हुए एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के पास से हजारों रुपए के पटाखे बरामद किए हैं। आरोपी व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नई मंडी में कान्हा नामक एक व्यक्ति अवैध रूप से पटाखे बेच रहा है। जिसमें फुलझड़ी और बम शामिल हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने नई मंडी में छापा मारा। जहां पर नई मंडी के मकान के बाहर एक व्यक्ति खड़े होकर पटाखे बेचता हुआ दिखाई दिया पुलिस ने व्यक्ति को पडक़र उसके पास मिले कट्टे को चेक किया तब उसके अंदर काफी मात्रा में पटाखे पुलिस ने बरामद किए। इनमें छोटे रॉकेट के पांच पैकेट, बड़े रॉकेट का एक पैकेट, लड़ी के एक पैकेट, फ्लावर पॉट के दो पैकेट, मुर्गा छाप सपोर्ट ग्रीन के 10 पैकेट, कलर बटरफ्लाई के पांच पैकेट, चित्रकूट के दो पैकेट, ग्राउंड चक्कर के चार पैकेट, मुर्गा छाप पटाखे के पांच पैकेट के अलावा कई पैकेट फुलझड़ी चकरी व पटाखे शामिल हैं। इस बारे में पकड़े गए व्यक्ति से पटाखे बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो वह नहीं दिखा पाया। जिस पर पुलिस ने व्यक्ति को पकडक़र उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

एसडी स्कूल में भव्य दीवाली मेले का आयोजन हुआ

कनीना। एस. डी. विद्यालय में भव्य दीवाली मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंम एस. डी. एम. सुरेन्द्र सिंह द्वारा किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद पूरे मेले का भ्रमण कर बच्चों से इसके बारे में बातचीत की। संपूर्ण विद्यालय कैंपस को विभिन्न सात जोनो में बांटा गया था। जिसमें प्रथम जोन में सजावट का सामान, द्वितीय जोन में सांस्कृतिक गतिविधिया, तीसरे जोन में खाद्य सामग्री, चौथे जोन में मेहंदी व नेल आर्ट, पांचवें जोन में बच्चों द्वारा हाथ से बनाई गई पेंटिंग व आर्ट गैलरी, छठे जोन में गेम कॉर्नर तथा सातवें जोन में मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था की गई थी। मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियो ने विद्यार्थियो के कार्यो की सराहना करते हुए बताया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को व्यवहार के साथ कार्य कुश्लता से हैं। जिसका परिचय सभी प्रतिभागी दे रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन से बच्चे वाक्चातुर्य परोपकार आत्मविश्वास व परस्पर निर्भता जैसे गुणों को सीखते हैं। विद्यालय चेयरमैन द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अथिति व सभी अभिभावको का स्वागत किया तथा प्रश्नता अनुभव की गयी कि अभिभावको ने इतनी बडी संख्या में विद्यार्थियों को प्रोत्साहीत किया है यह उनकी जागरूकता व विद्यालय के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता हैं। वर्तमान समय में सामाजिक घटनाओं, प्राचीन कहानीया पारिवारिक पृष्ठभूमि की समझ आदि से अनभिघ रह जाते हैं। इसलिए बच्चों को हमें छोटी-छोटी जिम्मेदारी देनी चाहिए। वैश्वीकरण के दौर में नई शिक्षा नीति भी तकनीकि एवं स्वयं कार्य करने के लिए मार्ग दर्शीत करती हैं। समाज सेवा एवं जिम्मेदार नागरीक बनने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को क्रमयोगी बनना होगा। जिम्मेदारियों से बच्चों में कार्य की योजना बनाना, उनका कियानवन करना व भाषा कौशल का विकास करता हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अटेली-महेंद्रगढ़ सडक़ मार्ग की हालत खस्ता, आए दिन हो रही हैं दुर्घटनाएं

दौंगड़ा अहीर। अटेली महेंद्रगढ़ सडक़ मार्ग बुरी तरह टूट जाने से आए दिन दुर्घटनाए हो रही हैं। सडक़ में गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जिस कारण साईड लेने में दिक्कत होती है तथा दोपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कत हो रही है। बाइक सवार को हमेशा गिरने का डर बना रहता है। अटेली से महेन्द्रगढ़ को जाने वाली राज्य परिवहन बसों के चालक ने बताया कि सडक़ मार्ग कलवाड़ी से लेकर दौंगड़ा चौक, भालखी तथा महेन्द्रगढ़ मैन सडक़ तक टूटा हुआ है। सडक़ किनारे आपस में मिले हुए हैं। उन्होंने बताया कि सडक़ मार्ग ठीक नहीं होने से बस में सवार होकर जाने वाले यात्री तो दुखी हैं, वही बस में भी कोई तकनीकी खराबी आ जाती हैं। इस मार्ग पर चलने वाले टैंपो चालक पवन कुमार ने बताया कि सडक़ किनारे तथा गहरे गड्ढे होने से साइड लेने में दिक्कत होती हैं, वहीं दूसरी ओर किसी सवारी के गिर जाने का डर बना रहता है ओर गंतव्य स्थान तक पहुंचने का भी अंदेशा बना रहता है। गांव कलवाड़ी से अजीत सिंह ने बताया कि इस सडक़ मार्ग को 10 रोज पहले पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारियों द्वारा कुछ गड्ढों का पेच वर्क किया था। लेकिन अब कार्य बंद हो जाने से लोगों का विश्वास खत्म हो गया है। युवक हवा सिंह ने बताया कि कलवाडी से अटेली तक पहुंचने वाले लोगों को थोड़ी राहत जरूर है। क्योंकि इस ओर सडक़ मार्ग लगभग ठिक है लेकिन कलवाडी से महेन्द्रगढ़ लगभग 15 किलोमीटर तक बुरी तरह टूटी फूटी है। पंचायत समिति के पूर्व सदस्य भबरुभान ने पीडब्ल्यूडी विभाग महेन्द्रगढ़ तथा जिला उपायुक्त नारनौल से तुरंत सडक़ मार्ग मे बने गड्ढों को भरवाने एवं सडक़ किनारे ठिक करवाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

भगडाना की लिंक सड़क को उखाड़ कर भूला पीडब्ल्यूडी विभाग, राहगीर परेशान

ठेकेदार की मनमानी से गांव व आस-पास के हजारों लोग परेशान

सडक़ को नई बनाने के नाम पर तकरीबन दो माह पूर्व उखाड़ कर रोड़े डालकर काम बीच में ही छोड़ दिया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़ लिंक सडक़ को चौड़ा करने की सरकार की योजना को पीडब्ल्यूडी विभाग व ठेकेदार लापरवाही बरत रहे है। महेंद्रगढ़-दादरी हाईवे से भगड़ाना गांव को जाने वाली 1 किलोमीटर लिंक सडक़ को नई बनाने के नाम पर तकरीबन दो माह पूर्व ठेकेदार द्वारा उखाड़ दिया गया और रोड़े इत्यादि डालकर छोड़ दिया गया है। जिससे आए दिन दुर्घटना व वाहनों में टूट-फुट होती रहती है।

हरियाणा युवा यादव महासभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता अनिल भगड़ाना ने बताया कि इस संबंध में वे ग्राम पंचायत के साथ पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से मिल चुके हैं और कई बार जेई, एसडीओ और ठेकेदार से फोन पर बात भी कर चुके हैं लेकिन सभी आज-कल में सडक़ बनाने का झूठा आश्वासन देकर उस पर कोई कार्रवाई नहीं करते यहां तक की ठेकेदार अब एनजीटी के आए नए आदेशों की दुहाई देकर इसे जल्द बनाने में असमर्थता जता रहा है। जिससे इस त्यौहारी सीजन पर ग्रामीणों को बड़ी भारी परेशानी हो रही है और काफी लोग दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं और वाहनों में भी बड़ा भारी नुकसान हो चुका है। आज गांव के कई युवाओं ने इकट्ठा होकर रोष व्यक्त करते हुए बताया कि यह लिंक

सडक़ बहुत अच्छी स्थिति में थी लेकिन कुछ माह पूर्व अखबारों में आई खबर और सरकार के लिंक सडक़ों को 12 फुट से बढाकर 18 फुट चौड़ा किए जाने की योजना के चलते ग्रामीणों ने अच्छी भली सडक़ को भी तोडऩे पर इसलिए एतराज नहीं किया। क्योंकि उनको सडक़ चौड़ा होने की उम्मीद थी, लेकिन अब जब विभागीय अधिकारियों से पता लगा की सडक़ की चौड़ाई नहीं बढ़ेगी तो सभी ग्रामीण अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। रोजाना विभाग, ठेकेदार, प्रशासन और सरकार को कोस रहे हैं।

गांव से गुजर रहे समाजसेवी बलवान फौजी ने भी पीडब्ल्यूडी विभाग, जिला प्रशासन और सरकार से पुरजोर मांग है कि इस सडक़ को दूसरे गांवों के लिंक सडक़ों की तरह ना केवल 18 फुट चोड़ा किया जाए बल्कि चार-पांच दिन के अंदर ही इसे पूर्ण कर 8-10 गांवों के हजारों लोगों को होने वाली परेशानी से बचाया जाए। ज्ञात रहे कि महेंद्रगढ़-दादरी हाईवे से भगड़ाना को जाने वाली लिंक सडक़ माजरा कलां के पास महेंद्रगढ़-सेहलंग रोड़ को जोड़ती है। जिसका पश्चिम छोर का आधा हिस्सा पीडब्ल्यूडी विभाग तथा पूर्वी छोर का आधा हिस्सा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा बनाया गया था। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा माजरा कलां जाने वाली सडक़ भी जर्जर हालत में है जो लगभग 10- 12 वर्ष पूर्व बनी थी जिसका केवल 5 वर्ष पहले रिपेयरिंग का कार्य हुआ था।

ग्रामीणों ने अधिकारियों से रोड को चौड़ा करने की मांग की

ग्रामीणों ने मार्केटिंग बोर्ड अधिकारियों से भी इस सडक़ को चौड़ा कर दोबारा से कार्पेटिंग करने की पुरजोर मांग की है। इस सार्वजनिक और गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को आयुक्त के सामने भी गुहार लगाने की बात कही है। इस अवसर पर कैप्टन रत्न सिंह, भानबीर, डा. रमेश, अनिल, श्रीभगवान, सूबे मिस्त्री, अजीत, झानू पंच, रवि, प्रदीप उर्फ़ मैन, संजय विद्यार्थी, हवासिंह, रॉकी, राजा, दीपेश, नीरज, नवीन, समाजसेवी बलवान फौजी और सुनील पटवारी आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

गाय में सभी देवताओं का वास: ओम प्रकाश

मंत्री ओम प्रकाश यादव ने गायों के चारा के लिए 11 लाख रुपए का दिया अनुदान

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने खालड़ा नंदी गौशाला किया निरीक्षण

सरकार की ओर से गायों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं- मंत्री

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सरकार की ओर से गायों के लिए गौ संचालकों को चारा, पानी व स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधा मुहैया करवाई जा रही हैं। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज खालड़ा नंदी गौशाला में निरीक्षण के दौरान कही। इस मौके पर गायों के चारा के लिए 11 लाख रुपए का अनुदान भी दिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि पुराणों के अनुसार गाय में सभी देवताओं का वास माना गया है। गाय समृद्धि व प्रचुरता की द्योतक है। उन्होंने कहा कि गाय के दूध से कई तरह के उत्पाद बनते हैं। गोबर से ईंधन व खाद मिलती है। इसके मूत्र से दवाएं व उर्वरक बनते हैं। इस मौके पर उन्होंने गौशाला परिसर में शिव परिवार की मूर्ति पर मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों की वजह से जल्द ही माजरा में लगभग 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एम्स का निर्माण शुरू होगा। एम्स के निर्माण के टेंडर के लिए 28 नवंबर 11 बजे तक आवेदक होंगे। इसके बाद 29 नवंबर को टेंडर छोड़ दिए जाएंगे। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश सैनी भी मौजूद थी।

21 नवंबर को होगा भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान समारोह

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़ में जिला भाजपा की तरफ से 21 नवंबर को भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ और नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इस सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए जोरदार तैयारियां की जा रही है। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामविलास शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस कर इस सम्मान समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि आज जिला भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक हमने की है। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के सभी मुख्य कार्यकर्ता उपस्थित है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने 90 विधानसभा में से 76 विधानसभा में पन्ना प्रमुख कार्यक्रम आयोजित करने वाले अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को राष्ट्रीय सचिव प्रमोट किया है और मेंबर ऑफ पार्लियामेंट नायब सिंह सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। यह बहुत ही सौभाग्य की बात है। महेंद्रगढ़ में 21 नवंबर को राष्ट्रीय सचिव और नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का भारतीय जनता पार्टी सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और पांच

राज्यों में होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सरकार बना रही है। मिजोरम और तेलंगाना में जो भी सरकार बनेगी वह भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से ही बनेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल है

देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कमाल सब लोग मान रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल है। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेट हाईवे 148 बी पर लगातार कार्य तेजी से चल रहा है और गांव पाली में ब्रिज भी मंजूर कर दिया गया है। गांव खुडाना की आईएमटी के बारे में उन्होंने बताया कि आईएमटी पर लगतार कार्य चल रहा है। उन्होंने गांव खुडाना में जाकर आईएमटी के कार्यका निरीक्षण किया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुधीर दीवान, देवेंद्र यादव, कप्तान राजेंद्र लांबा, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, नपा चेयरमैन रमेश सैनी, मण्डल अध्यक्ष विवेक खैरवाल, दिनेश यादव, पवन खैरवाल, नवीन शर्मा, पूर्व सरपंच मलखान सिंह व भाजपा पदाधिकारियों सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

पुलिस ने गांव पोता में कराया क्रिकेट मैच का आयोजन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

कनीना। प्रदेश सरकार की हरियाणा उदय मुहिम के तहत पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में आज शनिवार को गांव पोता, कनीना में जिला पुलिस की तरफ से क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के सरपंच ने पुलिस प्रशासन द्वारा जिलेभर में चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करना है। सरपंच ने कहा कि हमें अपने बच्चों के ऊपर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव और उसके परिणामों की जानकारी देकर जागरूक करना जरूरी है ताकि बच्चे नशे से दूर रह पाएं। पुलिस द्वारा जिले में हरियाणा उदय मुहिम के तहत नशा विरोधी अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत गांव पोता कनीना में पुलिस की तरफ से क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में थाना सदर कनीना प्रबंधक निरीक्षक हरदेव मौजूद रहे। इस दौरान एसआई हरीश, सरपंच हरिओम, हरिपदम, अमित, विकास व गांव के मौजीज व्यक्ति और क्रिकेट के खिलाड़ी मौजूद रहे। क्रिकेट मैच गांव की टीम और पुलिस की टीम के बीच हुआ, दोनों टीमों के बीच 8 ओवरों का मैच खेला गया, जिसमे गांव पोता की टीम ने जीत हासिल की।

ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

इस अवसर पर थाना प्रबंधक ने सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बढ़ढ़्चढ़ कर भाग लेने के लिए युवाओं को जागरूक किया और लोगों से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी अपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने युवाओं से भी अपील करते हुए कहा कि युवा नशे के दलदल से बच सकते हैं और देश व समाज के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। इसलिए वह नशे से दूर रहे और नशा न करें।

योग शिविर का हवन के साथ समापन

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। स्थानीय अग्रवाल सभा में आयोजित 12 दिवसीय योग शिविर का आज हवन के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें अनेक लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर योगाचार्य ने कहा कि दिन की शुरूआत यज्ञ व योग से करें तथा अपने तन में मन की सुस्ती दूर। प्राणायाम से हम अपने मन को शुद्ध रख सकते हैं व हमें प्रतिदिन एक नया जीवन देता है। आज हर मनुष्य को कोई ना कोई समस्या जरूर होती है उसका निदान करने के लिए हमें केवल एक मात्र जरिया योग है। अगर आप प्रतिदिन अपने शरीर के लिए योग करते हैं तो आपको आनंद की अनुभूति होगी। योग शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, जिला प्रभारी निलेश मुद्गल, खंड प्रभारी नितिन योगाचार्य (शिवानंदा

योग संस्थान), एडवोकेट सीपी संघी, विनय गोयल एडवोकेट अंकित गर्ग, पदमचंद, रमेश कांटी वाला, बद्री प्रसाद, रमेश यादव, रूपचंद यादव, दीवान सिंह दिल्ली से पधारे, प्रमोद गर्ग,लोकेश गर्ग व अन्य लोग उपस्थित रहे।

सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

अनुकूल शर्मा ने उपस्थित जन समूह को दीपावली के शुभकामनाएं दी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

कनीना। नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब पार्क में सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा का दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अनुकूल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष सर्व भारतीय ब्राह्मण सभा रहे व विशिष्ट अतिथि एसएन शर्मा, नेहा शर्मा, सरिता शर्मा व रूबी तिवारी रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कमर्शियल वशिष्ठ ने किया। मुख्य अतिथि अनुकूल शर्मा ने उपस्थित जन समूह को दीपावली के शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेना

चाहिए। इस दौरान उन्होंने दहेज न लेने व न देने की सपथ भी दिलवाई। उप सचिव मनीष कौशिक ने कहा कि आज हमें जरूरत है कि समाज के युवा, नौजवान राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा गांव गांव जाकर सभी ब्राह्मणों को जोड़ेगी जल्द ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा आमजन की समस्या उठायेगी। नेहा शर्मा ने कहा त्योहार आपस में एक दूसरे से मेल-जोल और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का बेहतर जरिया है। इससे आपसी सामाजिक एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम में पंकज भारद्वाज, मनीष कौशिक, गिरवर कौशिक, मनोज भारद्वाज, नागेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, राजेश शर्मा, दिनेश शर्मा, अशोक शर्मा, रविंद्र कौशिक, रवि, अरुण दत्त, श्यामलाल, प्रतीक वशिष्ठ, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, राजेश, रविकांत शर्मा, नकुल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

धरना

किसानों के दृढ़ निश्चय के साथ 238वें दिन जारी रहा धरना

जब तक सरकार कट का काम शुरू नहीं करेगी धरना जारी रहेगा

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच कट की मांग को लेकर धरना 238वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता पहलवान रणधीर सिंह बाघोत ने की। उन्होंने बताया कि हमने दृढ़ निश्चय कर लिया है कि जब तक केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर बाघोत-सेहलंग के बीच कट का काम शुरू नहीं करती है तब तक हम धरना स्थल पर अडिग रहेंगे। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह चेयरमैन ने बताया कि धरने को चलते 238 दिन हो गए हैं। केंद्र सरकार की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर बाघोत-सेहलंग के बीच कट का काम शुरू न होने के कारण धरना स्थल पर बैठे बुजुर्ग किसानों के चेहरे पर मायूसी जरूर है, लेकिन उन्होंने पक्का इरादा बना लिया है कि उनके सामने कोई भी परेशानी आए उसका डटकर मुकाबला करेंगे। किसानों का उद्देश्य एक ही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर कट बनना चाहिए। यह हमारी जरूरत है, जायज मांग है और सरकार के द्वारा इस कट की घोषणा हो

चुकी है, कट शुरू होने के बाद ही हम चैन की सांस लेंगे।

मुख्तियार सिंह और बाबूलाल सेहलंग ने बताया कि केंद्र सरकार किसानों के दर्द को नहीं समझ रही है। सरसों की फसल में कीड़ा लगने से उसकी दोबारा बिजाई करवा रहे हैं, प्रदूषण बढऩे से लोगों को सांस लेने में दिक्कत आ रही है। धरना स्थल पर अपना समय दे रहे हैं। केंद्र सरकार को किसानों कि हालातों को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर बाघोत-सेहलंग के बीच कट का काम जल्द से जल्द शुरू करना चाहिए।

सरकार ने कट बंद करने की घोषणा की थी : हेमराज

सूबेदार हेमराज अत्री बाघोत ने बताया कि केंद्र सरकार को हम याद दिलाना चाहते हैं कि आपने कट के लिए घोषणा की थी, उसे पूरा किया जाए अन्यथा जनता का विश्वास आपके प्रति खत्म हो जाएगा। केंद्र सरकार लोगों की आवाज सुने और जितना जल्दी हो सके राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर कट का काम शुरू करवाया जाए। इस मौके पर डा. लक्ष्मण सिंह, नरेंद्र शास्त्री छिथरौली, मास्टर विजय सिंह, सत्य प्रकाश, चेयरमैन सतपाल, कृष्ण कुमार पंच, मास्टर विजयपाल, पूर्व सरपंच हंस कुमार, रामकुमार, ईश्वर सिंह, रामभज, शेर सिंह, सीताराम, प्रधान कृष्ण कुमार, इंस्पेक्टर सत्यनारायण, सूबेदार भोले राम, वेद प्रकाश, रामकिशन, रोशन लाल आर्य, प्यारेलाल, सूबे सिंह पंच, डा. राम भक्त व गणमान्य लोग मौजूद थे।

प्रभात फेरी संगठन ने शहर में निकाली प्रभात फेरी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। प्रभात फेरी संगठन द्वारा आज प्रात- मोहल्ला काबिल संघीवाडा से 53वीं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य यजमान प्रेम प्रकाश संघी सुपुत्र बालकिशन संघी परिवार द्वारा ठाकुर जी की पूजा एवं निशान पूजा करके प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। प्रभात फेरी मुख्य यजमान के निवास स्थान से शुरू होकर मानक चौक, बजाजा बाजार, मनिहारन गली, प्रेस गली, मां चामुंडा देवी मंदिर, मोहल्ला चौधरियान, देवस्थान होते हुए पुन- शुभारंभ स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के इंचार्ज घनश्याम गर्ग ने बताया कि परम पूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी, स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के आह्वान पर आने वाली 23 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। उस संदर्भ में अष्टादस गीता पाठ जिसका लक्ष्य सवा करोड़ लिया गया है, उस पाठ को करवाने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया एवं प्रभात फेरी के समापन पर सभी से अष्टादस श्लोक गीता पाठ का वाचन करवाया। प्रभात फेरी के वशिष्ठ सदस्य चेतन जिंदल ने कहा है कि राधा नाम लेने से मनुष्य कर्म बंधन से मुक्त होकर भगवान के परमधाम हो जाता है। संगठन के वरिष्ठ सदस्य सुभाष गर्ग ने बताया कि राधा नाम लेने से, भगवान कृष्ण प्रसन्न होते हैं एवं इंसान की सभी बाधाए दूर हो जाती हैं। प्रभात फेरी में उपस्थित महिलाओं ने बताया की कार्तिक मास में प्रात-काल श्री राधा नाम लेने से इंसान अपनी 84 लाख योनियों के क्रम बंधन से मुक्त होकर भगवान के परमधाम गोलोक को प्राप्त होता है। प्रभात फेरी में प्रमुख रूप से योगेश बंसल, प्रवीण दीवान, नवीन जैन, कमल अग्रवाल, सतीश शर्मा, भूपेश संघी, सोमदेव शर्मा, रजनी गर्ग, सीताराम शर्मा, पिंकी संघी आदि सैकड़ो की तादाद में महिलाएं एवं पुरुष राधे नाम संकीर्तन करते हुए शहर की गलियों को कुंज गली मे परिवर्तन करने का भागीरथी प्रयास कर रहे हैं।

6 page 6_01.qxd 11/5/2023 9:56 PM Page 1

खबर फटाफट

शिविर में 39 यूनिट रक्त एकत्रित

रेवाड़ी। रोटरी क्लब ऑफ रेवाडी मेन व निजी बैंक के सहयोग से गांव राजपुरा खालसा में 9वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 39 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधान ज्योति अदलखा और गांव के सरपंच धर्मवीर यादव ने संयुक्त रूप से किया। क्लब की मानद सचिव नेहा शर्मा ने बताया कि यह क्लब का 9वां रक्तदान शिविर था और 1700 से अधिक यूनिट एकत्रित हुई। कैंप में सिविल अस्पताल से डा. रविंदर और उनकी टीम की देखरेख में टीम पहुंची। इस दौरान बैंक प्रबंधक भानु प्रताप, जैकी, जसवन्त, प्रवीन यादव, संजय, विक्रम, सन्नी, बसंत, अजय, नरेन्द्र, दलीप, असिस्टेंट गवर्नर जेपी चौहान, डिस्ट्रिक्ट चेयर एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. नवीन अदलखा, प्रोजेक्ट चेयरमैन दलीप कुमार, अनुकूल शर्मा, प्रो. बिजेन्द्र यादव मौजूद रहे। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिये गये। क्लब अध्यक्ष ने बताया कि 3 दिसंबर को मैमोग्राफी कैंप लगाया जाएगा। जिसके लिए गुरुग्राम से वातानुकूलित बस आएगी। पंजीकरण क्लब के सदस्यों के साथ कराया जा सकता है।

शिविर में 105 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 105 रोगियों की विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव के अनुसार शिविर में 105 मरीजो को परामर्श दिया गया तथा फ्री दवाईया भी प्रदान की गई। शिविर मे डॉक्टर विक्रम यादव, डॉक्टर सिद्धार्थ यादव, डॉक्टर अभिनव राव, डॉक्टर अनिल यादव व डॉक्टर मनीष यादव ने अपनी सेवाए प्रदान की। शिविर को सफल बनाने मे प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह, डॉक्टर यशपाल यादव, प्रोफेसर आरएस यादव, अमर सिंह, गोकल राम, सुरेंद्र सिंह आदि ने योगदान दिया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री आज और कल ग्रामीणों से करेंगे 'जनसंवाद'

रेवाड़ी। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव आज कोसली विधानसभा तथा मंगलवार 7 नवंबर को रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से 'जनसंवाद' करेंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री आज कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव कंवाली में सुबह 9 बजे, लिसान में सुबह 10 बजे तथा करोली में सुबह 11 बजे और कल 7 नवंबर को रेवाड़ी विधानसभा के गांव कालूवास में सुबह 10 बजे, काकोडि ा में सुबह 11ः30 बजे, खिजूरी में दोहपर 12ः30 बजे तथा निखरी में दोपहर 1ः30 बजे ग्रामीणों से जनसंवाद करेंगे। यह जानकारी एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह ने दी।

नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निशुल्क आधार कार्ड अपडेशन की तिथि बढ़ाकर 14 दिसंबर 2023 कर दी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि वे अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 दिसंबर 2023 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करें। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

डीसी ने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिलावासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार अपडेट कराना जरूरी है ।

रेवाड़ी की दुर्दशा का जिम्मेवार कैप्टन परिवार : कापड़ीवास

भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कापड़ीवास का गांव किशनगढ़ में सम्मान समारोह आयोजित

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी बनाए जाने के पर जिला के गांव किशनगढ़ में पहुंचने पर मुकेश कापडीवास का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों की ओर से युवा भाजपा नेता का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुकेश कापडीवास ने कहा कि रेवाड़ी पौराणिक शहर हैं। इसका सीधा संबंध महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। जब स्वामी दयानंद सरस्वती को लगा कि विश्व की पहली गौशाला कहा बनाई जाए तो उन्होंने रेवाड़ी की धरा को चुना। एक समय था जब रेवाड़ी पीतल नगरी के नाम से जानी जाती थी। वहीं कांग्रेस राज में रेवाड़ी दुर्दशा चिंताजनक रही। अपने गठन के 33 साल पूरा करने के बाद भी 6 बार कैप्टन अजय सिंह यादव व अब उनका बेटा रेवाड़ी से विधायक है। ऐसे में पिछड़ेपन का मुददा उठाना लोगों के गले नहीं उतर रहा है। यदि कोई रेवाड़ी की दुर्दशा का जिम्मेदार है तो कैप्टन परिवार है। मगर अब रेवाड़ी की जनता समझ चुकी है। उनको ऐसा नेता चहिए जो उनके साथ चले। इस बार रेवाड़ी टयूरिस्ट विधायक को परमानेंट आराम देने का काम करेगी। मुकेश कापडीवास ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व

मुख्यमंत्री मनोहरलाल की जोड़ी अंतोदय की भावना के साथ काम कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की तमाम नीतियां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उदय के लिए बन रही हैं। प्रदेश में मनोहर सरकार ने भय व भ्रष्टाचार का खात्मा कर पारदर्शी व्यवस्था देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने तमाम योजनाओं को ऑनलाइन कर गरीबों को सीधा लाभ देकर बिचौलियों पर अंकुश लगा दिया है। मुकेश कापडीवास ने ग्रामीणों को संबोधित करने के बाद लोगों के साथ जनसंवाद किया। इस दौरान बुजुर्ग माताओं ने उनको आशीर्वाद भी दिया। सम्मान समारोह के दौरान आयोजक दिनेश पंच, सरपंच कुसुमलता, सरपंच पति सत्यवीर, पूर्व सरपंच जयभगवान, राव जयनारायण, निखिल, धर्मेश, शिवलाल, सोनू व प्रदीप सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

चालक का अपहरण कर लूटा था डंपर

एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा इंचार्ज निरिक्षक सतेन्द्र कुमार की टीम से एसआई अभयपाल ने चालक को बंधक बनाकर हाईवा डंपर लूटने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव रिठट निवासी राशीद पुत्र हनीफ के रूप में हुई है।

जांचकर्ता ने बताया कि यूपी के जिला देवरिया के गांव बंसतपुर निवासी अरविंद सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह एक कम्पनी का हाईवा चलाता है और इस कम्पनी का प्लाट बाम्बड फतेहपुरी के पास है। गत 3 दिसंबर 2022 को वह हाईवा दस टायरी को, जिसमे डाम्बर भरा था, पटौदी लेकर जा रहा था। जब वह रात करीब 1.30 बजे प्लाट से 3 किलोमीटर दूर बाम्बड फतेहपुरी की सीमा में चोराहे पर पहुंचा तो एक गाडी के चालक ने मेरी हाईवा गाडी के आगे अपनी गाडी लगा दी। गाडी में

से चार व्यक्ति उतरे जिनके हाथों मे देशी कट्टे व डंडा था। जिन में से एक व्यक्ति हाईवा पर सवार हो गया और मुझे हाईवा से उतारकर मेरी आंखो पर पट्टी बांधकर अपनी कार मे बठा लिया और एक आदमी हाईवा पर सवार होकर उसे लूट ले गया। आरोपियों ने उसे गाड़ी में करीब एक घंटा घुमाकर उसे रामगढ रोड पर छोड़ दिया।

जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कसौला मामला दर्ज करके मामले में 5 आरोपी शारुख, हरमत, सदाम, सदरूदिन व अजरुदीन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने रविवार को एक और आरोपी जिला नूंह के गांव रिठट निवासी राशीद को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

1.25 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। एंटी नारकोटीक्स सैल ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान गांव नेहरुगढ निवासी लक्की पुत्र विनोद कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.25 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया की गश्त के दौरान सूचना मिली कि लक्की पुत्र विनोद कुमार निवासी नेहरुगढ नशीला पदार्थ स्मैक बेचता है, जो आज खण्डर हवेली नेहरुगढ के पास गली में स्मैक लेकर घूम रहा है। सूचना के बाद तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान लक्की पुत्र विनोद कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.25 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कोसली में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दिवाली पर एक दीपक सैनिकों के नाम का जलाएं

- हमारा परिवार संस्था की ओर से एक दीपक वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम आयोजित

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से एक दीपक वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी आलोक सिंघल, जिला व्यापार संयोजक भाजपा प्रेमनाथ गेरा, पवित्रा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिरुद्ध यादव व संस्था संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि जब हम लोग अपने घरों में परिवार सहित त्योहारों का आनंद ले रहे होते हैं उसी समय हमारे देश के लाखों वीर सैनिक देश की सीमाओं पर मुस्तैदी से देश की रक्षा के लिए डटे रहते हैं। उनकी सजगता के रहते हम सभी अपने घरों में परिवार सहित निश्चिंत रहते हुए जीवन निर्वाह करते हैं। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य बनता है कि दीपावली के दिन पूजन करते हुए एक दीपक देश के वीर सैनिकों के नाम का जरूर जलाएं। भाजपा नेता बलजीत यादव, आर्य समाज रोड व्यापारी एसोसिएशन प्रधान जितेंद्र अग्रवाल, लाइंस क्लब प्रधान संदीप गोयल, डॉक्टर बलबीर अग्रवाल, प्रवीण ठाकुर व अरुण गुप्ता ने कहा कि सीमाओं पर हमारे वीर सैनिक चीन को भरपूर टक्कर दे रहे हैं। हम दीपावली पर अपने घर में चीन की बनी हुई कोई भी वस्तु ना लेकर आए। पिछले वर्ष चीनी वस्तुओं के बहिष्कार के कारण उसे लगभग 400 अरब डॉलर का घाटा उठाना पड़ा। महिला संयोजक शशि जुनेजा, प्रधान निशा सीकरी, उप प्रधान एडवोकेट दिव्या राजपाल, पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज व सेक्टर 4 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रधान मुकेश देवी ने कहा कि हम बहनें अधिक से अधिक सैनिकों के परिवारों में जाएंगी। अपने साथ दीप माला व उनके परिवार के लिए मिठाइयां लेकर जाएगी व दिवाली का त्योहार उनके साथ मिलकर मनाएंगी। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

जेएनवी नैचाना में 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए 7 तक जमा होंगे ऑनलाइन आवेदन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 9वीं एवं 11वीं में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 नवंबर कर दी है, जिसके लिए विद्यार्थियों को किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। योग्य विद्यार्थी 9वीं, 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए जेएनवी की आधिकारिक वेबसाइट पर 7 नवंबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

विद्यार्थियों को लेटरल एंट्री सेलेक्शन टेस्ट के माध्यम से दिया जाएगा प्रवेश

डीसी एवं अध्यक्ष जवाहर नवोदय विद्यालय समिति नैचाना राहुल हुड्डा ने बताया कि आवेदन जमा करने के लिए छात्रों या अभिभावकों को ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा. इसके लिए पहले होम पेज पर जाकर रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करना होगा तथा इसके उपरांत मांगी गई जानकारी दर्ज कर दस्तावेज अपलोड करने होंगे और निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। नवोदय विद्यालय कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश लेटरल एंट्री सेलेक्शन टेस्ट के माध्यम से दिया जाएगा। यह परीक्षा 10 फरवरी 2024 को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी. जिसके लिए 2 घंटे 30 मिनट का समय दिया जाएगा। परीक्षा या प्रवेश से जुड़ी अन्य जानकारी के लिए विद्यार्थी व अभिभावक एनवीएस की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

आम आदमी पार्टी की नवगठित समितियों के सचिवों ने रोहतक पहुंच ग्रहण की शपथ

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। आम आदमी पार्टी की ओर से परिवार जोड़ो अभियान के तहत शहर के वार्ड तथा गांव स्तर पर बनाई गई कमेटियों के सचिवों ने रविवार को रोहतक पहुंचकर शपथ ग्रहण की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नवगठित कमेटी सचिवों को शपथ दिलाई।

आम आदमी पार्टी रेवाड़ी विधानसभा के संगठन मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि भारी संख्या में वॉर्ड और गांवों में जाकर बनाएं गए सचिव रविवार को रोहतक शपथ ग्रहण समारोह में अपने पद व निष्ठा की शपथ ग्रहण करने पहुंचे। इस दौरान सचिवों व पदाधिकारीयों को सम्बोधित करते हुए अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी का अन्य सभी दूसरे राजनीतिक दलों से मज़बूत संगठन खड़ा हो गया है। शीघ्र ही हरियाणा में एक प्रदेश स्तर की रैली करके हरियाणा की गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का आगाज किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, पार्टी के प्रचार समिति के चैयरमैन अशोक तंवर, वरिष्ठ

उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा सहित अनेक नेताओं ने विचार रखे। इस दौरान एडवोकेट मुकेश शर्मा, मनोज अन्ना, अभिषेक झांब, डॉ रविन्द्र बढ़ालिया, दलीप सैनी, मामचंद छाबड़ी, ऋषिपाल यादव, राजपाल सैनी, कपिल चौटाला, सतेन्द्र यादव, नीरज, सोमदेव मेहता, किशोर चौहान, अशोक यादव, मदन सिंह, सन्तोष यादव, सतनारायण शर्मा, भारत सोनी, बृजभूषण गुप्ता व रुपचंद जाटव सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बरखा चावला ने जीता करवा ब्यूटी क्वीन का खिताब, भावना बनी उपविजेता

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। बीती रात्रि रेवाड़ी के एक रेस्तरां में करवा ब्यूटी क्वीन कांटेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें 15 प्रतियोगियों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुति पेश कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। करीब चार घंटे चले इस ब्यूटी कांटेस्ट में डेलनाज ईरानी और पम्मी मोटन बतौर मुख्य अथिति के रूप में शामिल हुए। विशेष अथिति के रूप में मीत संधू और विजयता अग्रवाल मौजूद रहे।

कांटेस्ट का संचालन मंच संचालन कर रही नीरू भारद्वाज ने किया। इस प्रतियोगिता में करवा क्वीन का खिताब बरखा चावला ने जीता। भावना और गरिमा विपुल कहूंगर पहली व दूसरी रनरअप रही। ब्यूटी कांटेस्ट में किशन सिंह सिसोदिया, चित्रा भारद्वाज और रणविजय जूरी मेंबर रहे। इसके अलावा सिमो कम्बोज को ब्यूटी क्वीन, रीना शर्मा एलीजेंट क्वीन, आशु आहूजा को टैलेंटेड क्वीन, सोनिया मेंहदीरत्ता को

शहर के एक रेस्तरां में आयोजित ब्यूटी क्वीन कार्यक्रम में विजेताओं के साथ अतिथि व आयोजक।

रैंपवॉक क्वीन, सुनीता को ब्यूटीफुल क्वीन, स्नेहलता शर्मा को कॉन्फिडेंट क्वीन, ज्योति मक्कड को मेलोडियस क्वीन से नवाजा गया। अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर हेमंत, कामाख्या, अजय कांटीवाल, मनीषा, सरोज भारद्वाज, प्रशांत सन्नी, सुनील मूसेपुर, दीपा भारद्वाज, विनोद शर्मा समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नारायणपुर की मौसमी देवी बनीं रेवाड़ी ब्लॉक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। कांग्रेस पार्टी की ओर से गांव नारायणपुर की मौसमी देवी को रेवाड़ी ब्लॉक की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारी के घर पहुंचकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

मौसमी देवी ने रेवाड़ी ब्लॉक की अध्यक्ष बनने पर पार्टी हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा भाव व ईमानदारी से निभाएंगी। साथ ही कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने रेवाड़ी महिला जिला अध्यक्ष अमृत कला टिकानियां, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव व रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान अनेकों महिलाओं ने भी कांग्रेस पार्टी में आस्था जताई। इस मौके पर पूर्व सरपंच किरण देवी, पंच दुर्गा देवी, कमला देवी, विद्या देवी, राजा देवी, सुमन, भतेरी देवी, अनीता, रजनी, निकिता समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

कार्यक्रम श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला कलाकारों का किया सम्मान

भविष्य में रामलीला मंचन को और अधिक सुंदर बनाएंगे

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के सभी प्रबंधन समिति, कार्यकर्ताओं व कलाकारों का सम्मान समारोह समिति प्रधान एमपी गोयल की ओर से कानोड़ गेट स्थित प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया।

रामलीला के निदेशक भारत भूषण कश्यप, राजेश पवार, महेश शर्मा, श्रीपति शेखावत व बाबूलाल ने प्रधान का स्वागत व धन्यवाद किया। निदेशक ने कलाकारों का सम्मान करने के लिए प्रधान का आभार जताया। कार्यकम में प्रबंधन समिति, कार्यकर्ताओं व कलाकारों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पवन गोयल, नानक चंद्र गुप्ता, भारत गुप्ता, ललित सैनी, रूपेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, सुरेश सेन व रमेश वशिष्ठ सहित सभी कलाकारों ने विचार रखे व सुझाव प्रस्तुत किया। प्रधान गोयल ने उपस्थित सभी कलाकारों कार्यकर्ताओं व प्रबंधन समिति के सदस्यों का स्वागत किया और उनके सुझाव व विचारों को क्रियावनित करने

रामलीला के कलाकारों को सम्मानित करते समिति प्रधान।

का विश्वास दिलाया तथा भविष्य में रामलीला मंचन को और अधिक सुंदरए सुशोभित कर आधुनिक बनाने में कार्य करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में नगर पार्षद गिरीश भारद्वाज, प्रदीप भार्गव, राम सिंह, दीपक मुद्गल एडवोकेट, प्रवीण अग्रवाल, सतीश मस्तान, लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ. सुभाष गुप्ता, ललित सैनी, विजय पवार, सुनील भटनागर, लवली सोनी, अमित कश्यप, करण गुप्ता, जय भूषण, संजय जैमिनी ने भाग लिया। मंच संचालन हेमन्त भारद्वाज ने किया।

खबर फटाफट

अटेली की अनाज मंडी में दिन दहाड़े तीन लाख 70 हजार रुपये चोरी

नारनौल। अटेली कस्बा की अनाज मंडी स्थित एक दुकान से अज्ञात चोर दिन दहाड़े 3 लाख 70 हजार रुपए निकाल ले गए। पीड़ित दुकानदार को जब इसकी सूचना लगी तो उसके होश उड़ गए। दुकानदार ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंडी अटेली की नई अनाज मंडी में पूरणमल नामक व्यापारी ने एक दुकान जिसका नंबर 60 है, की हुई है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित दुकानदार ने बताया कि गत दिवस सुबह-सुबह करीब 6 बजे दुकान पर आया। उसने आधा शटर खोला। शटर खोलने के बाद वह अखबार पढने् लग गया। इसके बाद वह सुबह साढ़े 6 बजे पास में ही कहीं घूमने के लिए निकल गया। सुबह 7ः30 बजे वह घूम कर वापस आया। इसके बाद वह दुकान के बाहर बैठ गया। उसका भाई ओमप्रकाश सुबह 8 बजे करीब दुकान पर आया। तब उसने दुकान की गद्दी पर पैसे बिखरे हुए देखे। इस पर उन्होंने दुकान के अंदर बनी हुई गोदरेज की अलमारी को चेक किया तो वह खुली हुई पाई। उन्होंने अलमारी के अंदर देखा तो उसमें रखे हुए 3 लाख 70 हजार रुपए गायब मिले। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी पुलिस खंगाल रही है।

श्री कृष्ण सेवा सदन ने जरूरतमंदों को राशन वितरित किया

फरीदाबाद। श्री कृष्ण सेवा सदन का 22वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन एन.एच.तीन स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में किया गया। यह संस्था पिछले 22 वर्षों से लगातार जरूरतमंदों को राशन वितरित करती आ रही है। इसी कड़ी में आज 68 परिवारों को खाद्य सामग्री, गर्म कपड़े, मिठाई व आर्थिक सहायता प्रदान की गई। श्री कृष्ण सेवा सदन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष मनीष मदान, गोविन्द सिंह, महासचिव एडवोकेट दीपक ठुकराल, सहसचिव एडवोकेट संदीप सेठी, श्रीमती शांति आर्य, सदस्य सुरेश गुलाटी, दयानंद विरमानी, संतोष मदान, संतराम कथूरिया, श्यामलाल आहूजा, एडवोकेट दीपक गेरा, भाजपा नेता ओमप्रकाश ढींगड़ा, नवदीप सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा के अलावा आर्य समाज से संजय खट्टर, देव व्रत आर्य मौजूद रहे। श्री कृष्ण सेवा सदन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष मनीष मदान ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 22 वर्षों से शहर के अलग-अलग जरूरतमंद परिवारों का प्रत्येक माह खाद्य सामग्री, आर्थिक मदद के अलावा बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाती आ रही है। सहसचिव संदीप सेठी ने बताया कि संस्था के संस्थापक स्व. चन्द्रभान जी की सोच के अनुरूप से पिछले 22 वर्षों से संस्था समाजिक कार्य में लगे हुए है। अब तक संस्था लगभग 50 से ऊपर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगा चुकी है। जिसमें सैकड़ों लोगों ने स्वस्थ्य लाभ लिया।

पाथेडा व बिहाली की टीम ने कबड्डी में मारी बाजी

मंडी अटेली। बाबा रघुनाथ स्पोर्ट्स क्लब तिगरा के सौजन्य से गांव तिगरा में नेशनल जूनियर कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के अंतर्गत नेशनल स्टाइल कबड्डी सहित लांग जंप, दौड़ तथा गोला फेंक इत्यादि स्पोर्ट्स प्रतियोगिता करवाई गई। प्रो कबड्डी के एशियन गोल्ड मेडलिस्ट एवं भारतीय कबड्डी के पूर्व केप्टन अनूप कुमार यादव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कमी है तो उनको मौका मिलने की है। उनको भी ग्रामीण प्रतियोगिता से ही आगे बढने् का अवसर मिला था। ग्रामीण खेलों से ही उनको आगे बढने तथा प्रतिभा दिखाने का मौका मिला था। इस प्रकार के खेल करवा कर करण सिंह पहलवान एक अच्छी पहल कर रहे है। समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश भी खिलाडियों को आशीर्वाद देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता होती रहनी चाहिए। 14 वर्ष, की आयु वर्ग व 17 आयु वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में पाथेडा की टीम प्रथम रही वही कबड्डी 21 वर्ष आयु वर्ग में बिहाली की टीम प्रथम रही। 14 वर्ष आयु वर्ग विजेता टीम को 3100 रुपए, 17 वर्ष आयु वर्ग को 4100 रुपए तथा 21 वर्ष आयु वर्ग को 5100 रुपए का नगद ईनाम दिया गया। कर्ण सिंह पहलवान, सरजीत सिह, इशवर पंच, सत्य प्रकाश, पवन कुमार, राजेश, वेद प्रकाश, ओमप्रकाश, पूर्व सरपंच हरिराम आदि उपस्थित थे।

महेंद्रगढ़ के जासावास व बेरी वन क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई

महेन्द्रगढ़। पेड़ों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा प्राण वायु देवता योजना चलाई गई है। जिसके तहत पुराने पेड़ों को पेंशन दी जानी है, वहीं प्रति वर्ष सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर वन क्षेत्र को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। महेंद्रगढ़ क्षेत्र में आए दिन अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की जा रही है। क्षेत्र के जासावास, बेरी वन क्षेत्र में जहां नियम लागू किए गए हैं और जिसके तहत बिना परमिशन के पेड़ों की काटने की मनाई ही है। लेकिन पिछले दिनों सैकड़ों की संख्या में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई की गई और उन्हें बेच दिया। लोगों द्वारा इसकी शिकायत वन विभाग के अधिकारियों को भी की गई, परन्तु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई। ऐसे में सवाल उठता है कि बिना अधिकारियों की मिलीभगत के वनक्षेत्र में सैकड़ों पेड़ों की कटाई कैसे संभव है। लोगों ने सरकार से वन विभाग के दोषी अधिकारियों व वन को काटने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कूड़ा नहीं रहने दूंगा : मूलचंद शर्मा

कहा, शहर में कूड़े को एक से दो दिन में साफ कराया जाएगा

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने नगर निगम अधिकारियों को मीटिंग के दौरान अपने निजी कोष से बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगे कूड़ा के ढेरों को उठाने के आदेश दिए थे

बीती रात 12:00 बजे खत्तों से कूड़ा उठान का कार्य शुरू किया गया

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। कैबिनेट मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि शहर में जहां अन्य स्थानों पर कूडे के ढेर लगे हुए हैं। उन्हें भी एक से दो दिन में साफ कराया जाएगा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने शहर से कूड़ा उठाने वाली इको ग्रीन कंपनी की लापरवाही और कूड़ा उठान का कार्य न किए जाने को मद्देनजर रखते हुए बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपने निजी कोष से कूड़ा उठान का कार्य शुरू करा दिया है। गौरतलब है कि केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को नगर निगम बल्लबगढ़ जोन के अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय पर मीटिंग के दौरान उन्होंने अपने निजी कोष से बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगे कूड़ा के ढेरों को उठाने के आदेश दिए थे। जिस पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम और सफाई निरीक्षक बृजमोहन शर्मा की देखरेख में बीती रात 12ः00 बजे खत्तो से कूड़ा उठान का कार्य शुरू किया गया । बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 8 स्थानों पर बने खत्तो से बीती रात को कूड़ा उठवाकर शहर में दिखाई देने वाली गंदगी को दूर करने का काम किया है। जो कूड़े के ढेर शहर में बाकी रह गए हैं। उन्हें आज रात को उठवा दिया जायेगा।

ये हैं बल्लभगढ़ के आठ प्वाइंट

बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में शहर के 8 स्थानों में अंबेडकर चौक के पास अग्रवाल कॉलेज के सामने, बल्लभगढ़ किसान भवन, अज्जी कॉलोनी, राधा नगर ,पेट्रोल पंप सेक्टर- 3 के पास ,पुलिस चौकी रोड सेक्टर- 3, तिगांव रोड नियर शराब ठेका और बिजली बोर्ड के पास तिगांव रोड से करीब 18 बड़े डंपर कूड़े को शहर से बाहर किया गया है।

22 दिन में नीलम पुल की मरम्मत का वायदा, 44 दिन बाद भी अधूरा

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। सरकार ने सिर्फ विभाग का नाम ही बदला है। लेकिन उनकी कार्यशैली वहीं पुरानी है। क्योंकि एफएमडीए में भी विभिन्न एजेंसियों के सेवानिवृत अधिकारी ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी वजह से एफएमडीए द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों में लेट लतीफी कहीं भी आम देखी जा सकती है। जिसके कारण शहर के लोगों को इन अधूरे विकास कार्यो की वजह से रोज परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे में लोग एफएमडीए को नहीं बल्कि सरकार को कौसते हुए इन स्थानों से गुजरते हैं। जिससे लगता है कि विभाग जानबूझ कर किसी साजिश के तहत सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। नीलम फ्लाइओवर पर जाम में फंसे लोगों को रोज सरकार को कौसते हुए देखा जा सकता है। एफएमडीए ने इस पुल के एक हिस्से की मरम्मत 22 दिन में पूरी करनी थी। लेकिन करीब 44 दिन बाद भी बंद किए गए पुल की मरम्मत का काम अधूरा पड़ा है। हालात देखकर लगता है कि अगले एक सप्ताह बाद भी काम पूरा होता नजर नहीं आता।अधूरी सडक़ों के कारण लोगों को पिछले लंबे समय से परेशानी का सामना कर रहे है। नगर निगम द्वारा करीब ढाई साल पहले डबुआ पाली रोड का निर्माण शुरू किया था।

44 दिन में होनी थी पूरी मरम्मत

एनआईटी इलाके के लाखों की संख्या में लोग राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंचने के लिए नीलम फ्लाईओवर का इस्तेमाल करते हैं। नियमित रख रखाव के अभाव में पुल काफी जर्जर हो गया था। जिससे परेशान होकर लोग इस पुल की मरम्मत करवाने की मांग कर रहे थे। पिछले दिनों एफएमडीए ने इस पुल की मरम्मत करवाने का ठेका दिया था। एफएमडीए ने दोनों हिस्सों की मरम्मत 22-22 दिनों में यानी कुल 44 दिनों में करानी थी। गत 24 सितंबर को मरम्मत के लिए पुल के एक हिस्से को बंद कर दूसरे हिस्से पर ट्रेफिक चलाया जा रहा था। जिससे सुबह और शाम को पुल पर जाम लगा रहता है। लोग 22 दिन गुजरने की उम्मीद से समय भी काट रहे थे। लेकिन 44 दिन बाद भी एक तरफ की मरम्मत पूरी न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

एक महीने से खुदी है सडक़

प्याली चौक से सारन चौक तक जाने वाली सडक़ करीब पांच साल पहले सीवर की लाइन डालने की वजह से जर्जर हो गई थी। हालांकि सडक़ का सिर्फ 100 मीटर हिस्सा ही जर्जर है। जिसे देखते हुए एफएमडीएम ने इस सडक़ का निर्माण करवाने के लिए थाना सारन के सामने करीब 100 मीटर हिस्से को करीब एक महीने पहले खुदवा दिया था। जिसके सडक़ के दोनों तरफ के ट्रेफिक को एक तरफ चलाया जाने लगा। दिन में तो किसी तरह काम चल जाता है। लेकिन सुबह और शाम के समय यहां बुरी तरह जाम लग जाता है। खुदाई के बाद करीब एक महीने गुजरने पर भी सडक़ का निर्माण करवाना तो दूर खुदाई का मलवा तक नहीं उठवाया गया है। गुस्साए लोगों का कहना है कि जब सडक़ बनानी ही नहीं थी तो फिजुल रही सही सडक़ खोद कर क्यों परेशान कर रहे हैं।

पृथला विधानसभा में दीपावली पर हो सकता है बड़ा राजनैतिक धमाका

भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया थाम सकते हैं जल्द कांग्रेस का दामन

पृथला विधानसभा क्षेत्र में कई नेताओं को लगेगा बड़ा झटका

भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र

पलवल, पृथला विधानसभा क्षेत्र में पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया द्वारा की गई 52 पाल की कथा के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई की क्या भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया भाजपा को अलविदा कहने वाले हैं। भाजपा के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया की गिनती यूं तो भाजपा के युवा नेताओं में की जाती है।। लेकिन हाल ही में पृथला विधानसभा क्षेत्र में 52 पाल की कथा मैं जिस तरह से उनके अनुरोध पर लाखों लोगों का जन सैलाब उमड़ा उसके अब सियासी मतलब निकाले जाने लगे हैं। 52पाल की कथा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित अनेकों दिग्गज नेता शामिल हुए वही कथा के आयोजक भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया ने जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जिस गर्म जोशी से स्वागत किया तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के परिवार की जमकर तारीफ की उसको लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई है कि क्या जल्द ही भाजपा नेता सुरेंद्र तेवतिया कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं।52 पाल कथा में आयोजक सुरेन्द्र तेवतिया के साथ पूर्व पूर्व मंत्री करन सिंह दलाल ने इस आयोजन में अहम भूमिका अदा की।जिसको लेकर भाजपा नेता सुरेंद्र तेवतिया की भाजपा को अलविदा कहने व कांग्रेस में जाने की चर्चाओं को बल मिला है। राजनीतिक सूत्रों की माने तो पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल सुरेंद्र तेवतिया को कांग्रेस में शामिल करवाने में अहम भूमिका का अदा करेंगे। क्योंकि 52 पाल कथा के बाद पूर्व मंत्री करन दलाल के नेतृत्व में कथा के आयोजक सुरेंद्र तेवतिया सभी 52 पाल के पंचों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के दिल्ली निवास पर धन्यवाद करने पहुंचे। यहां पर सभी पाल पचों व कथा के आयोजक भाजपा नेता सुरेंद्र तेवतिया, पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने भूपेंद्र हुड्डा का कथा में पधारने व सम्मान देने के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किया। इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पृथला विधानसभा क्षेत्र में युवा भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया को कांग्रेस में शामिल कर उन्हें अपना आशीर्वाद दे सकते हैं। देश के पांच राज्यों में चल रहे चुनाव में भी कांग्रेस आलाकमान पुराने दिग्गजों से किनारा कर नए युवा चेहरों पर दावा लगाती नजर आ रही है। जिससे टिकट की चाह रखने वाले नेताओं को अब पसीना आने लगा है। वही भाजपा सुरेंद्र तेवतिया की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल से बढ़ती नजदीकियों से कांग्रेस के नेता परेशान हैं।क्योंकि भाजपा नेता सुरेंद्र तेवतिया की पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में बढ़ती सक्रियता और 52 पाल कथा आयोजन में उमड़े जनसैलाब एक बड़े राजनैतिक बदलाव की ओर इशारा करता नजर आ रहा है।पृथला विधानसभा क्षेत्र में विधायक नैनपाल रावत, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व विधायक रघुवीर तेवतिया, कांग्रेस के नेता सतवीर डागर सहित अन्य नेता मिशन 2024 की तैयारी में जुटे हुए हैं। फिलहाल पृथला विधानसभा क्षेत्र के सभी नेताओं की नजरे भाजपा नेता पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया के राजनैतिक कदम पर टिकी हुई है कि वह कब भाजपा को अलविदा करेंगे।

पूर्व मंत्री करन दलाल के नेतृत्व में भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कांग्रेस का दामन थामा

भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र

पलवल। जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के पूर्व जिला सैनिक पदाधिकारीयों ने पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। जिनमे सुखबीर फौजी पूर्व जिला अध्यक्ष सैनिक सेल, सूबेदार सुखबीर सिंह व चंद्रभान गॉड पूर्व जिला महामंत्री सैनिक सेल दौलत राम शर्मा पूर्व जिला महामंत्री, पूर्व हलका अध्यक्ष शिव सिंह हवलदार आदि के साथ दो दर्जन फौजियों ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। सतवीर फौजी पूर्व प्रधान ने बताया की भाजपा सरकार फौजियों का शोषण कर रही है। उनके भत्तों और पेंशन व अन्य स्कीमों में कटौती पर अपना पेट भरने में लगी हुई है। कैप्टन चंद्रभान गॉड ने बताया कि उनकी मांगों को लेकर सरकार से नाराजगी है । उन्होंने बताया कि वह सभी की तरह ही अपनी स्कीमों और अन्य नए स्कीमों को वापस लागू करवाना चाहते हैं। इन्हीं बातों को लेकर सभी ने करन दलाल की अध्यक्षता में कांग्रेस का दामन थामा है।

दलाल ने किया सभी का स्वागत

पूर्व मंत्री करन दलाल ने सभी फौजियों का स्वागत व कर उन्हें आश्वासन दिया कि देश व प्रदेश में कांग्रेस सरकार बन रही है और भाजपा के झूठ का लोगों पर अब कोई असर नहीं रहा। सरकार बनते ही सभी की मांगों और स्कीमों को पार्टी द्वारा जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि किस तरह लोगों की जेबों पर व उनके हकों पर डाका डाल कर भाजपा सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। भाजपा को आम जनता व किसी भी वर्ग के लोगों से कोई हमदर्दी नहीं है। देश के फौजी भाइयों की पेंशन व स्कीमों में कटौती करने वाली सरकार कभी भी किसी भी आम जनमानस का भला नहीं सोच सकती।

दीपोत्सव पर समाज में उजियारा फैलाने का ले संकल्प : स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम (श्री सिद्धदाता आश्रम) में दीपोत्सव के पूर्व सैकड़ों सेवादारों को प्रसाद रूवरूप जरूरत की चीजें प्रदान की गईं। इस अवसर पर आश्रम के अधिपति जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कहा कि सेवादार इस दीवाली समाज में उजियारा फैलाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आप लोग आश्रम में सेवा करते हैं और श्री गुरु महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में स्वीकार कर रहे हैं। लेकिन अब इस उजाले को समाज को भी देना है। इस दीपावली पर आप सभी लोग समाज की सेवा के छोटे छोटे लक्ष्य बनाएं और उन्हें पूरा करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए अन्य लोगों को भी सेवा के लिए प्रेरित करें क्योंकि सेवा मानवता का प्रमुख गहना है।

नशा मुक्त भारत और अखंड भारत हेतु हाफ मैराथन में लोगों ने दिखाया उत्साह

मैराथन में करीब 6 हजार से ज्यादा युवाओं ने हिस्सा लिया

विधायक दीपक मंगला, प्रवीण डागर सहित अन्य गणमान्य लोगों ने हौसला बढ़ाया

भगत सिंह तेवतिया

पलवल, एस पी एस इंटरनेशनल द्वारा हाफ मैराथन का आयोजन किया गया जो नशा मुक्ति और अखंड भारत के उद्देश्य हेतु आयोजित की गई। करीब 10 किलोमीटर की यह हाफ मैराथन युवाओं को नशे से मुक्त कराने और संपूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बांधने के लिए आयोजित की गई।विशाल जन समूह ने हाफ मैराथन के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। पलवल ही नहीं बल्कि आसपास के गांव एवम् फरीदाबाद ,नारनौल, हिसार,नोएडा हापुड़, कैथल, दिल्ली, महेंद्रगढ़, रोहतक,अंबाला, नूह,मथुरा से भी काफी बड़ी मात्रा में युवाओं ने दौड़ में भाग लिया। इस मैराथन में करीब 6000 से भी अधिक लोगों ने भाग लेकर यह दिखा दिया कि युवाओं को नशे से मुक्त कराना ही उनका प्रथम उद्देश्य है। इस मैराथन का पूरे क्षेत्र एवं आसपास के जिलों में इस प्रकार का उत्साह था कि विद्यालय के बाहर सुबह 5 बजे से ही प्रतिभागियों का सैलाब इकट्ठा हो गया। एस पी एस इंटरनेशनल ने इस हाफ मैराथन के आयोजन से यह दर्शा दिया कि वह युवाओं में सामाजिक जन चेतना जगाने संबंधी कार्यक्रमों में भी पीछे नहीं है।

डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ होने से मरीजों को मिलेगा फायदा

भगत सिंह, तेवतिया, भरोसा मित्र

पलवल, किठ्वाडी चौक पलवल स्तिथ तुला अस्पताल में आज डायलिसिस यूनिट का शुभारम्भ हो गया है. जिला नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश गर्ग ने इस यूनिट का उद्घाटन किया. यूनिट की शुरुआत छः बैड, आधुनिक मशीनों व अच्छी टीम के साथ की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश गर्ग द्वारा रिबन काट कर की गई. सिविल सर्जन ने पूरी यूनिट का दौरा करने के बाद पूरे अस्पताल का भी दौरा किया। अस्पताल के प्रशासक ईश्वर सिंह, सहायक चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर निवेदिता नारायण, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राजेश मुन्डेजा, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश गोयल तथा संचालन प्रबंधक आलोक रावत ने टीम के साथ सिविल सर्जन को शाल, गुलदस्ता तथा प्लांट देकर सम्मानित किया।

मेला

महिला सशक्तिकरण की जीती जागती मिसाल है श्री कृष्णा पिकल्स

दिवाली मेला उत्सव में ऐसा स्टाल जहां जाते मुंह में भर आता पानी

लोगों को भा रहे तरह तरह के अचार, मुरब्बे व सिरके

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं तथा समानता का प्रतीक बनकर उभर रहीं हैं। सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित प्रथम दिवाली उत्सव के दौरान श्री कृष्णा पिकल्स स्टाल पर ऐसा देखने को मिला। दिवाली उत्सव में श्री कृष्णा पिकल्स स्टाल पर स्टाल के मालिक जितेंद्र ने अपनी माता श्रीमती कृष्णा यादव के बारे में बताया कि कैसे शिक्षा से वंचित रहने के बावजूद भी श्रीमती कृष्णा यादव ने कामयाबी का सफर तय किया है। दिल्ली के नजफगढ़ में रहने वाली श्रीमती कृष्णा यादव एक छोटे से कमरे में अचार बनाना का काम शुरू किया था और अब वे अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार दे रही हैं। कृष्णा यादव %श्री कृष्णा पिकल्स% की मालकिन हैं और आज 4 लघु इकाइयां चला रही हैं, जिनमें अचार से जुड़े 152 उत्पाद तैयार किए जाते हैं। कृष्णा को यह सफलता इतनी आसानी से नहीं मिली, इसके लिए उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अपनी मेहनत के दम पर 2014 में इनोवेटिव आइडिया के लिए राज्य की पहली चैंपियन किसान महिला अवार्ड, 2015 में नारी शक्ति सम्मान और प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति द्वारा सम्मान प्राप्त कर चुकी है। श्री कृष्णा पिकल्स के स्टाल नंबर 974 पर आम, करौना, हरी मिर्च, लाल मिर्च, आंवला, अमड़ा, लहसुन, सरसों, मिक्स, करैला, लेसवा, मशरूम, हल्दी, अंदरक, प्याज, गोभी, गाजर समेत 150 तरह के आचार सहित 14 प्रकार के मुरब्बे और कई प्रकार के सिरके जिन्हें गन्ना, जामुन, सेब से तैयार किया गया है। इन अचारों की कीमत दो सौ रुपये से लेकर चार सौ रुपये किलो तक है और सिरके की कीमत दो सौ रुपये से लेकर ढाई सौ रुपये तक है।

रैपर एमसी स्क्वायर के गीतों के नाम रही सांस्कृतिक संध्या

फरीदाबाद। सूरजकुंड दिवाली उत्सव पर बड़ी चौपाल पर शनिवार की शाम सांस्कृतिक संध्या हरियाणवी रैपर व युवाओं के दिलों की धडक़न एमसी स्क्वायर (अभिषेक बैसला) के गीतों के नाम रही। हरियाणवी रैपर एमसी स्क्वायर ने एक के बाद एक धमाकेदार हिपहॉप और रैप सॉन्ग प्रस्तुति देकर अपने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही एक रंगारंग प्रस्तुति समाप्त होती वैसे ही दर्शकों की तरफ से एक और एक और.. का शोर सुनाई देने लगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान सारा पंडाल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंजता रहा। पर्यटन निगम के एमडी डॉ नीरज कुमार ने सांस्कृतिक संध्या का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। खचाखच भरी चौपाल पर दर्शकों के सिर दिवानगी इस कदर हावी थी कि वे कुर्सियों पर खड़े होकर ठुमके पर ठुमके लगाने लगे। जिला पुलिस ने भी दर्शकों के जोश को कम नहीं होने दिया। पुलिस कर्मी बार-बार अनुशासन में रहकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाने का आग्रह करते नजर आए। रैपर एमसी स्क्वायर ने ऊर्जा से ओतप्रोत बदमाश छोरा से सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत की। रैपर एमसी स्क्वायर ने हर बोल पर दर्शकों के ऊर्जा के स्तर को चैक किया जिस पर दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ जवाब दिया। कर लो खोज, कलाकार साइन, बिलॉन्ग करे एचआर से, हिप हॉप जीरो वन सॉन्ग, मिले साठ में, जैसे गानों से पंडाल में गर्माहट का एहसास कराया और दर्शक थिरक उठे। राम राम, चार दिन, नैना की तलवार, लाडो, छोरे एनसीआर आले, सीन पूरा सेट है, हेड पी लिख्या था गुर्जर, छोरी घणी श्याणी जैसे गानों से दर्शकों की सुर्खियां बटोरी।

खबर फटाफट

आपसी विवाद में बरसाई ईंटें

रोहतक: पैसों के लेन देन के विवाद में जींद रोड स्थित पीर वाली गली में जमकर ईंटे बरसाई गई। बताया गया कि पहले गाली-गलौज हुई और फिर दोनों पक्षों ने ईंटें फेंकनी शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई। पीर वाली गली के चमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 नवंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे यह विवाद शुरू हुआ। इस बीच दूसरे पक्ष ने ईंट बरसानी आरंभ कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। उन्होंने जान से मारने की नीयत से ईंटे बरसाई। सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया। वहीं शिकायत के आधार पर पुलिस ने भी मामला दर्ज कर लिया है।

अंबाला सेंट्रल जेल से मिले 11 मोबाइल और 78 नशीली गोलियां

अंबाला: यहां सेंट्रल जेल में तलाशी के दौरान नशीली गोलियां और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। रविवार शाम को जेल प्रशासन ने गुप्त सूचना पर छापा मारा। पांच कैदी व बंदियों से 11 मोबाइल, 4 चार्जर, 3 सिम कार्ड और 78 नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। डीएसपी प्रिंस कुमार ने बताया कि शनिवार शाम 4 बजे गुप्त सूचना के आधार पर इंचार्ज हैडवार्डर सुरेश कुमार को पता चला कि खाली पड़ी चक्की नंबर-9 के बाहर से 3 पैकेट फेंके गए हैं। चक्कर इंचार्ज ने इसकी सूचना डीएसपी नीलम को दी थी, इसके बाद एक टीम गठित की गई। छापे के दौरान टीम ने एक कैदी और हवालाती बंदी को दीवार से कूदते हुए देखा। दोनों की तलाशी ली तो कैदी उनके कब्जे से 2 मोबाइल और एक सिम कार्ड बरामद हुआ। दूसरे पैकेट से नशीली गोलियां मिली। पूछताछ में बताया कि यह 3 पैकेट बाहर से फेंके गए थे। बलदेव नगर थाने की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और प्रिसन एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत

यमुनानगर: आईटीआई के नजदीक ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दो दोस्तों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया है। थाना गांधी नगर पुलिस को दी शिकायत में राहुल उर्फ काशी ने बताया कि अपने ताऊ के लड़के डिंपल और दोस्त अवतार सिंह उर्फ लवली के साथ भगत सिंह चौक के पास दुकान पर फास्ट फूड खाने खाने गया था। इसके बाद वह तीनों बाइक पर अवतार को उसके घर पृथ्वी नगर छोड़ने जा रहे थे। बाइक को डिंपल चला रहा था। आईटीआई रोड के नजदीक विजय हार्डवेयर की दुकान के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। डिंपल और अवतार दोनों सड़क पर ट्रक की तरफ गिर गए। उन्हें ट्रक ने कुचल दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। केस दर्ज करके पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

बिजली मंत्री ने सुनी समस्याएं

हिसार : बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला रविवार को यहां दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा आयोजित बिजली पंचायत में ग्रामीणों की शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि हिसार के रिहायशी इलाकों में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तार हटाई जाएंगी। इसको लेकर 157 करोड़ खर्च किए जाएंगे। पूरे प्रदेश में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के रिहायशी इलाकों, पार्क, तालाब व अन्य सार्वजनिक स्थानों से सभी हाईटेंशन तारों को हटाने के लिए अप्रूवल मिल चुकी है। दिवाली के बाद सभी स्थानों पर काम शुरू कर दिया जाएगा।बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला रविवार को हिसार पहुंचे। यहां उन्होंने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा आयोजित बिजली पंचायत में ग्रामीणों की शिकायतें सुनी।

देवर ने भाभी की घोंपा चाकू,मौत

झज्जर : गांव दुजाना में घरेलू कलह में एक महिला की उसके देवर ने हत्या कर दी गई। महिला पर चाकू से वार किए गए थे। गंभीर अवस्था में उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस नागरिक अस्पताल पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। उसने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राहुल के अनुसार उसकी पत्नी के पास में उसका भाई संदीप और उसकी पत्नी रीना खड़ी थी। वह तुरंत पत्नी को लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचा, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। उसने आरोप लगाया कि दोनों ने चाकू से गोदकर उसकी पत्नी की हत्या कर दी।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चार जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

चंडीगढ़: डीजीपी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार जन हित को देखते हुए चार जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया गया। इस सूची में शामिल इंस्पेक्टरों को तुरंत नई तैनाती पर जॉइन करना होगा। एसपी और संबंधित पुलिस अधिकारियों को तुरंत इन्हें रिलीव करने के ऑर्डर दिए गए हैं। इनमें फरीदाबाद, यमुनानगर, भिवानी और अंबाला शामिल हैं।

गुरु गोरखनाथ सेवा संस्थान द्वारा धर्मार्थ औषधालय का शुभारंभ

बहादुरगढ़ (प्रेम शर्मा): श्री श्याम धर्मार्थ आयुर्वेदिक

औषधालय का हुआ शुभारंभ श्री गुरु गोरखनाथ सेवा संस्थान द्वारा धर्मार्थ औषधालय मॉडल टाउन में किया गया । श्री गुरु गोरखनाथ सेवा संस्था पिछले 2010 से समाज में भिन्न-भिन्न धर्मार्थ कार्य में निरंतर कार्यरत है इसी संदर्भ में संस्था ने सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा करने के लिए धर्मार्थ औषधालय का शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत सभी प्रकार के शारीरिक जांच एवं खून की जांच होगी। जिससे गरीब असहाय एवम जरूरतमंद लोगों को खून की जांच कराने का अवसर मिलेगा। हरियाणा सरकार के पूर्व सीनियर आइएएस अधिकारी जार आर जोहल ने रिबन काटकर अस्पताल का श्रीगणेश किया। उद्घाटन समारोह में ं जाखोदा से प्रधान राजवीर दलाल सांखोल से प्रदीप तंवर बहादुरगढ़ से करतार सिंह आलड़िया व अन्य साथी डॉ भीमराव अंबेडकर सभा लाइन पार से आर बी चहल विनय देशवाल शमशेर सिंह सहितस काफी संख्या में लो मौजूद रहे।

जिला अध्यक्षों और कार्यकारी अध्यक्षों के नामों पर होगा मंथन!

कांग्रेस ने सभी गुटों को बुलाया दिल्ली,तय होगी अगली रणनीति

साढ़े नौ साल से कांग्रेस का संगठन बनाने का किया जा रहा इंतजार खत्म होने की उम्मीद बढ़ी

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। उम्मीद है कि बहुत जल्द प्रदेश अपने कई मसलों को हल करते हुए संगठन को मजबूत करेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगामी 17 नवंबर को नई दिल्ली में दोनों गुटों के प्रमुख नेताओं को बुलाया है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि हरियाणा में कांग्रेस का साढ़े नौ साल से संगठन बनाने का किया जा रहा इंतजार खत्म हो जाएगा। हरियाणा में संगठन खड़ा करने को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के नेताओं ने इस महीने मीटिंग रखी है। इस मीटिंग में खुद खड़गे भी शामिल होंगे। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ ही राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा, किरण चौधरी को दिल्ली बुलाया गया है। मतभेदों को भुलाते हुए एक साथ आमने-सामने बैठकर ये नेता केंद्रीय नेतृत्व की योजना के अनुसार रणनीति पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

सूत्रों के अनुसार इस बैठक में संगठन की जिला अध्यक्षों और कार्यकारी अध्यक्षों के नामों पर मंथन पर किया जाएगा।

बैठक के एक हफ्ते बाद इसकी सूची जारी कर दी जाएगी।

इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि संगठन में अब केंद्रीय नेतृत्व कोई देरी नहीं करेगा। खड़गे की मीटिंग के एक हफ्ते बाद ही जिलाध्यक्षों और कार्यकारी अध्यक्षों की सूची जारी कर दी जाएगी। बता दें कि संगठन की नई सूची को लेकर 6 महीने से कवायद चल रही है।

पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया भी लगातार इस सूची के लिए जुटे रहे हैं, लेकिन पार्टी में गुटबाजी के कारण अभी तक सूची जारी नहीं हो पाई है। जिलों में आयोजित पर्यवेक्षकों के सामने ही दोनों गुटों के समर्थक नारेबाजी करते और भिड़ते नजर आए।

सूची में हुड्डा का दिखेगा दबदबा !

माना जा रहा है कि कि संगठन की सूची में फिर से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का ही प्रभाव दिख सकता है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता है कि हरियाणा में कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं में हुड्डा का काफी दबदबा है। वह लगातार नेताओं के संपर्क में भी रहते हैं। साथ ही पार्टी के सभी राज्यस्तरीय कार्यक्रमों में भी उनकी सहभागिता बनी रहती है। इसलिए उनकी महत्ता को कम नहीं आंका जा सकता है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हुड्डा गुट का प्रभाव देखने को मिल सकता है।

एसआरके गुट का वजूद

एक समय था कि हरियाणा कांग्रेस में चार गुट हुआ करते थे। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा पार्टी में रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा, किरण चौधरी के गुट। हाल ही में हुड्डा के खिलाफ तीन गुट बन गए हैं। इसे एसआरके के नाम जाना जाता है। राजनीति के विश्लेषकों का मानना है कि इससे पूर्व सीएम की मुश्किलें थोड़ा बढ़ सकती हैं। इसी माह दिल्ली में होने वाली इस बैठक में हरियाणा कांग्रेस के सभी नेता संगठन के साथ ही लोकसभा सीटों को लेकर अपनी अपनी राय रखेंगे

हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले : देवेंद्र बबली

उन्होंने विशेषतौर कहा कि हर अधिकारी अपनी ड्यूटी को प्राथमिकता के आधार पर निभाएं

भरोसा मित्र

रोहतक। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों के कार्यों को जल्द से जल्द करें। किसी भी व्यक्ति को सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ मिलने में देरी ना हो।

वह रविवार को रोहतक के जिला विकास भवन में विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा कि अधिकारी अपनी ड्यूटी को प्राथमिकता के आधार पर निभाएं। ताकि कोई भी व्यक्ति सरकारी की योजनाओं से वंचित ना रहे।

बैठक में ग्रामीण विकास को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं अधिकारी भी इस मीटिंग को लेकर पहले से ही तैयारियां करे हुए थे। ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए।

इसके बाद झज्जर के लिए रवाना हो गए। वहां पर अधिकारियों के साथ बैठक करनी थी। इसमें भी विकास कार्यों की समीक्षा होनी थी।

फंदे पर लटके मिले पिता, बेटी और बेटे के शव

पहले पत्नी के साथ झगड़ा किया, फिर उसके बाहर जाते ही इस घटना को अंजाम दे दिया

भरोसा मित्र

झज्जर। जिले के बादली इलाके के गांव गंगड़वा में एक पिता ने पहले अपने दो मासूम बच्चों को फंदे से लटकाकर खुद भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

मृतकों की पहचान 37 वर्षीय कर्मबीर, 11 बेटे तनुज और 13 वर्षीय बेटी मुस्कान के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार परिवार का मुखिया कर्मबीर दिल्ली में क्लस्टर बस चलाता था। रात के समय उसका अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था। जब पत्नी, कर्मबीर की मानसिक स्थिति को देखते हुए अपने जेठ के परिवार को सूचना देने गई तो इसी बीच उसने पहले तो अपने बेटे और बेटी को फंदे पर लटका दिया। इससे दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद कर्मबीर ने खुद भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बीच उसकी पत्नी और कर्मबीर के भाई का परिवार वापस घर पहुंचा तो दरवाजा बंद था।

दरवाजा खोलने अंदर का दृश्य देखकर उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। कमरे में फंदे पर तीन लाशें लटक रही थी।इससे परिवार में हड़कंप मच गया।

तुरंत पुलिस को इस मामले की सूचना दी गई। कुछ ही समय पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को भी वहां बुला लिया गया। इस संबंध में डीएसपी धर्मवीर सिंह ने कहा कि फिलहाल परिजनों ने इस मामले में किसी भी तरह की लिखित शिकायत नहीं दी है।

लोगों से मिली जानकारी के अनुसार कर्मबीर ने अपने एक दोस्त को फाइनेंस पर गाड़ी दिलवाई थी। उसकी नवीन ने किस्त नहीं भरी और गाड़ी भी बेच दी। उसके बाद बैंक वालों ने कर्मबीर की जमीन कुर्क करने के आदेश दिए थे।

उन्होंने बताया कि सरपंच द्वारा आश्वासन देने के बाद कुर्की नहीं की गई थी। बैंक के सात-आठ लाख रुपये नहीं देने पर जमीन कुर्की के आदेश होने से कर्मबीर परेशान चल रहा था। इन मौतों की वजह पुलिस के जांच के बाद ही सामने आएगी।

रेल मार्ग पर अलग-अलग जगह पर हुए हादसो में दो की मौत

बहादुरगढ़ (प्रेम शर्मा): दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर बराही फाटक के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए। मगर उसकी पहचान नहीं हो पाई।

शव को पहचान के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। जीआरपी थाना से जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि थाना में सूचना मिली थी कि बराही फाटक के पास ट्रेक से कटकर एक युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही वे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान के प्रयास शुरू किए। मगर मृतक के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिलाए जिससे उसकी पहचान संभव हो सके। मृतक की उम्र 24 वर्ष के आसपास आंकी जा रही है। आशंका है कि युवक ने आत्महत्या की है। फिलहाल शव की पहचान के प्रयास जारी है।

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने दिल्ली में हरियाणा के प्रभारी एवम् त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमन्त्री विप्लब देव से शिष्टाचार भेंट की।

आईपीएस आयुष की हुई आईएएस अंकिता से सगाई

चंडीगढ़: नांगल चौधरी के विधायक डाक्टर अभय सिंह यादव के परिवार की अधिकारियों की श्रृंखला में एक और अधिकारी जुड़ गई है। रविवार को पंचकूला में आयोजित घरेलू समारोह में उनके बड़े भाई अमर सिंह की बेटी सरिता के बेटे आयुष आईपीएस की सगाई जींद निवासी आईएएस अंकिता से हुई है। दोनों परिवारों का संयुक्त पारिवारिक समारोह पंचकूला के जिमखाना क्लब में सम्पन्न हुआ।आयुष हरियाणा काडर का आईपीएस अधिकारी हैं तथा अंकिता को भी आईएएस का हरियाणा काडर अलॉट हुआ है। बता दें कि आयुष 2022 बैच का आईपीएस अधिकारी है और अंकिता 2023 की आईएस अधिकारी हैं तथा अखिल भारतीय स्तर पर 28वाँ स्थान हासिल किया है। इससे पहले इसी परिवार में यशपाल आइएएस शहरी विकास विभाग के निदेशक हैं तथा उनके अतिरिक्त तीन महिला न्यायाधीश, दो डीएसपी, एक डीईटीसी और एक ज्वाइंट ईटीसी स्तर की अधिकारी हैं।

विश्व कप : भारत ने दर्ज की आठवीं जीत, द.अफ्रीका की सबसे बड़ी हार

326 रनों के जवाब में प्रतिद्वंद्वी टीम सिर्फ 83 रन ही बना पाई

कोहली ने नाबाद 101 रन बनाए और सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली, श्रेयस अय्यर ने 77 रन बनाए

कोलकाता,एजेंसी। भारत ने एकतरफा मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 243 रन से हराकर वनडे वर्ल्ड कप में लगातार आठवीं जीत दर्ज कर ली है। इसके साथ ही भारत ने पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पोजिशन पर फिनिश भी तय कर लिया। यानी सेमीफाइनल में भारत का सामना चौथे नंबर पर रहने वाली टीम से होगा।

भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। विराट कोहली के रिकॉर्ड 49वें शतक की बदौलत टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 326 रन बनाए। कोहली ने नाबाद 101 रन बनाए और सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। श्रेयस अय्यर ने 77 रन बनाए।

इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 27.1 ओवर में 83 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। मोहम्मद शमी को 2 और कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। एक सफलता मोहम्मद सिराज के हाथ भी लगी। भारत ने 20 साल बाद किसी वर्ल्ड कप में लगातार आठ मैच जीते हैं। इससे पहले टीम इंडिया ने 2003 के वर्ल्ड कप में भी 8 मैच एक के बाद एक जीते थे।

इस मैच में भारत ने द. अफ्रीका को 243 रन के अंतर से हराया, यह द.अफ्रीका की वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ी हार रही। इससे पहले 2002 में टीम को पाकिस्तान ने 182 रन से हराया था। वहीं द.अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत 2010 में आई थी, तब टीम को 153 रन से जीत मिली थी। बता दें कि वर्ल्ड कप में द. अफ्रीका की सबसे बड़ी हार भी इससे पहले भारत के खिलाफ ही थी। 2015 में मेलबर्न के मैदान पर टीम ने 130 रन से मुकाबला जीता था।

द. अफ्रीका टीम वर्ल्ड कप में पहली बार 100 रन से कम के स्कोर पर ऑलआउट हुई है। इससे पहले 2007 में टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 149 रन पर ऑलआउट किया था। इस टीम ने अपने दूसरे सबसे छोटे स्कोर की बराबरी की। टीम 83 रन पर तीसरी बार ऑलआउट हुई।

फरीदाबाद के दो दिव्यांग खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

पूर्व मंत्री ने उनके घर जाकर नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया

भरोसा मित्र

फरीदाबाद। तिगांव निवासी सरिता ने चीन के हांगझू में आयोजित पैरा एशियन गेम्स में कंपाउंड तीरंदांज़ी प्रतियोगिता में शीतल देवी के साथ मिलकर रजत पदक अपने नाम किया। तिगांव के नीमका गांव के रहने वाले प्रिंस शर्मा ने 400 मीटर दौड़ मे स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया हैं। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने दोनों के घर पहुंच कर नकद पुरस्कार और बधाई ।

विपुल गोयल भी दोनों पदक विजेताओं के घर तिगांव व नीमका पहुँचे और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खिलाड़ियों के लिए खेल बोर्ड का अलग से गठन किया हैं। इससे उनके पदक अनुसार विभिन्न विभागों मे अलग अलग पदों पर नियुक्ति मिलेगी ताकि अन्य खिलाड़ियों को भी इनसे मार्गदर्शन मिल सके ।

पूर्व मंत्री ने दोनों खिलाड़ियों के माता-पिता कों बधाई देते हुए कहा कि किसी भी खिलाड़ी की जीत के पीछे उसके परिवार के लोगों का सबसे बड़ा त्याग और योगदान होता हैं। सबसे ज्यादा हिम्मत व सपोर्ट उसके परिवार के लोग ही उसको आगे बढ़ने के लिए करते हैं। इसलिए उसकी जीत व कामयाबी के लिए उनको भी श्रेय जाता हैं।सभी लोग बधाई के पात्र हैं।

इस मौक़े पर तिगांव निवासी खिलाड़ी सरिता के भाई सुमित अधाना ने बताया कि छह भाई-बहन मे सरिता बड़ी हैं लेकिन डेढ़ साल की उम्र में सरिता को पोलियो होने के बाद काफी जगह इलाज करवाया जिसके बाएं शरीर का उपरी भाग तो ठीक हुआ, लेकिन दोनों पांव ठीक नहीं होने के बाद भी हार ना मानते हुए पूरे परिवार व देश का मान सम्मान बढ़ाया हैं। बताया गया कि प्रिंस भी बोल व सुन नहीं पता हैं फिर भी दृढ संकल्प करते हुए हार नहीं मानी इसलिये सभी को उस पर गर्व हैं।

दिल्ली में श्रीलंका और बांग्लादेश का मैच रद्द होने की आशंका

नई दिल्ली,एजेंसी। राजधानी में प्रदूषण ने खिलाड़ियों की समस्या को बढ़ा दी है। वायु प्रदूषण के कारण सोमवार को होने वाले मुकाबले पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। बता दें कि विश्व कप का 38वां मुकाबला श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रीलंका के लिए यह मैच करो या मरो वाला होगा। वहीं, बांग्लादेश की टीम जीत के साथ दो अंक हासिल करना चाहेगी। श्रीलंका सात मैच में दो जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। वहीं, बांग्लादेश सात मैच में दो जीत के साथ नौवें पायदान पर है। जानकारों का कहना है कि देखना होगा कि खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है या नहीं। राष्ट्रीय राजधानी में एक बार फिर जहरीली धुंध की मोटी परत छा गई है, जिससे दोनों टीमों को कम से कम एक बार अपना अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में है। गुरुवार (दो नवंबर) से ही एक्यूआई 400 से ऊपर बना है। वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के अनुसार मंगलवार तक इसके गंभीर बने रहने की संभावना है।

क्या है आईसीसी का नियम?

आईसीसी के खेल की परिस्थितियों से जुड़े अनुच्छेद 2.8 के अनुसार, अगर किसी भी समय अंपायर इस बात पर सहमत होते हैं कि मैदान, मौसम या रोशनी या कोई अन्य परिस्थितियां खतरनाक या अनुचित हैं, तो वे तुरंत खेल को निलंबित कर देंगे या खेल शुरू करने की अनुमति नहीं देंगे।

करनाल की रायजा ढिल्लो को नेशनल गेम्स में मिला स्वर्ण

हरियाणा की संजना सूद को मुकाबले के बाद पांचवे राउंड में दी कड़ी टक्कर

भरोसा मित्र

करनाल। गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में जिले के शामगढ़ गांव की शूटर रायजा ढिल्लो ने स्वर्ण पदक से नवाजा गया। रायज़ा ने इंडिविजुअल वीमेन में निशाना लगाया। इस बेटी ने गांव का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

बता दें कि गत 2 नवंबर से 9 नवम्बर तक गोवा में चल रही नेशनल ओपन गेम्स में रायजा ने हिस्सा लिया। हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना, यूपी, पंजाब, एमपी व दिल्ली के 15 प्रतिभागी शूटिंग (स्कीट) में अपना दमखम दिखा रहे थे। रायजा का मुकाबला हरियाणा की ही संजना सूद के साथ चल रहा था। दोनों ही एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही थी

पहले राउंड में दोनों के स्कोर 24-24 रहा। दूसरा राउंड भी 22-22 अंक पर रहा। तीसरे राउंड में संजना ने 25 स्कोर किया और रायजा 22 पर रह गई। चौथे राउंड में भी संजना 25 स्कोर कर गई और रायजा 23 पर रही। पांचवें राउंड में संजना 22 पर और रायजा 23 स्कोर पर रही। इसमें कुल स्कोर 56 और 48 रहा। दर्शकों को एक रोमांचक मैच देखने को मिला। रायजा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।